( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 190, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज मंगलवार 08 अक्टूबर, 2024
TM
नगर संस्करण
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
Adhunik Samachar
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
10 वर्ष विश्वास के

## नोएडा में एमएसएमई कार्निवल की प्रेस वार्ता रोजगार, उद्योग और मनोरंजन का संगम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** मीडिया क्लब में आज शएई प्रमोशन काउंसिल इंडिया द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी शएई कार्निवल की विस्तृत जानकारी साझा की गई। यह कार्निवल 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सोलेट्रियन मॉल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा। प्रेस वार्ता में शएई प्रमोशन काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (शएई) को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और उद्योगों को नई दिशा देना है।को मिलेगी नई दिशा और अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्निवल का मुख्य उद्देश्य शएई से जुड़े उद्योगों को नई राह दिखाना है। इसमें 500 से अधिक शएई हिस्सा लेंगे और उनके पास अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर होगा। आयोजन में प्रतिदिन 50,000 से 1 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। साथ ही, जो लोग अपनी दुकान या स्टॉल बुक करना चाहते हैं, वे सीधे वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं मनोरंजन और व्यापार




का संगम कार्निवल न केवल व्यवसायों को एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन और खरीदारी की भी खास व्यवस्था की गई है। बच्चों और परिवारों के लिए हॉट एयर बैलून राइड, झूले और फेस्टिवल खरीदारी के लिए विशेष मार्केट का आयोजन होगा उद्यमियों के लिए प्रतियोगिता और समर्थन कार्निवल में युवा उद्यमियों के लिए ग्रुप डिस्कशन और प्रतिस्पर्धा का आयोजन होगा, जिसमें हर दिन बेहतरीन विचार प्रस्तुत करने वाले को शएई प्रमोशन काउंसिल इंडिया द्वारा 5 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रमुख कलाकारों की प्रस्तुति कार्निवल में प्रमुख बॉलीवुड और इंस्टाग्राम कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनमें विशाल मिश्रा (21 अक्टूबर), कनिका कपूर (23 अक्टूबर), मोनाली ठाकुर (24 अक्टूबर), पवन सिंह (26 अक्टूबर), और बादशाह (25 अक्टूबर) जैसे कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा, नेहा कक्कड़ और अन्य नामी कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी, जो इस कार्यक्रम को और भी रोचक बनाएंगे। स्थानीय व्यवसायों और कला का उत्सव कार्यक्रम में फैशन शो, सांस्कृतिक प्रदर्शन, और स्थानीय हस्तशिल्प की प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। साथ ही, बैलून फिएस्टा, नाइट ग्लो शो, एडवेंचर गतिविधियाँ और सांस्कृतिक उत्सव जैसे कार्यक्रम कार्निवल को खास बनाएंगे।कार्निवल का उद्देश्य न केवल उद्यमियों को सशक्त बनाना है, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रमोट करना है। यह आयोजन एक बड़ा व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव साबित होगा, जिसमें सबकी भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

## श्रीराम बारात शोभायात्रा का भव्य आयोजन, नगरवासियों ने जगह-जगह किये स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा



सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिन भगवान श्रीराम की बारात एवं शोभायात्रा सेक्टर 20 के हनुमान मंदिर से एस एम गुप्ता, सुधीर पोरवाल, शांतनु मित्तल,राकेश कुमार, मनोज गोयल, मुकेश गर्ग, एडवोकेट मनोज गुप्ता, बजरंगलाल गुप्ता, संदीप पोरवाल एवं प्रवीण गोयल के संयोजन में बड़े धूम धाम से निकाली गयी। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।सेक्टर 20 से निकली भगवान श्रीराम की बारात सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगा कर वातावरण को राममय कर दिया। ढोल, बेंड बाजे, घोड़ों , रथों के साथ निकली राम बारात का जगह जगह फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया । भगवान श्री गणेश , ब्रहमा जी, शंकर भगवान, श्री राम, लक्ष्मण जी ,भरत ,शत्रुघ्न ,ऋषि वशिष्ठ एवं अन्य राजा अपने अपने रथों एव घोड़ों पर सवार होकर निकले। हुनमान मंदिर समिति द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात सेक्टर 22-26 के गेट, डीएम चौराहा,टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-19, हरौला,सेक्टर 5, 9,11,12,22,55,56 होते हुए रामलीला स्थल पहुंची।इस दौरान सेक्टर 20- 26 गेट पर बीना गोयल, सेक्टर 19 शर्मा हॉस्पिटल पर पोरवाल समाज, सेक्टर 9 में ई - 1 पर राजीव जैन, एच - 1 राजेश गिरधर, आई - 9 पर जनता साईकिल, आई - 65 पर सुशील सिंघल, आई - 67 पर आत्माराम,आई - 70 पर मुकेश गर्ग, बांस मंडी, शिवानी फर्नीचर पर राकेश गुप्ता, एच - 100 सेक्टर 12 पर राधाकृष्ण गर्ग एवं प्रदीप अग्रवाल, मेट्रो हॉस्पिटल पर सतपाल बंसल, स्टैंडर्ड स्वीट, सुमित्रा हॉस्पिटल पर डॉ वी के गुप्ता, पेट्रोल पंप सेक्टर 12 पर अनिल चौहान, सेक्टर 55- 56 तिराहे पर उतर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल , सेक्टर 55 में श्यामलाल,श्रीकांत बंसल, सेक्टर 10 में बजरंग दल, बजरंग लाल, बारात घर, खोड़ा लेबर चौक पर मनोज गुप्ता द्वारा विभिन्न स्थानों पर बारात का स्वागत किया गया।सायंकाल श्रीराम बारात सेक्टर-62 स्थित रामलीला स्थल पर पहुंची,जहां राजा जनक ने बारातियों का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक श्री विनय वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत चारमंडपों में श्रीराम जानकी सहित चारों भाइयों का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है। विवाह के पश्चात राजा जनक से अयोध्या नगरी वापस जाने की आज्ञा माँगने पर राजा जनक की आखों से अश्रु छलक पड़ते हैं।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE कौशलं बलम् NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है





नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity




# आई 20 और थार में हुई टक्कर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस क्षेत्र मे पी.वी.आर के सामने अचानक एक एक्सीडेंट हो जाता है। आगे एक थार गाड़ी थी जिसमे ये शख्स बैठा था जो दिख रहा है पीछे से एक आई 20 कार आती है और थार में टक्कर लग जाती है,टक्कर तो मामूली ही थी लेकिन थार में बैठे इस गुंडे जैसे दिख रहे सख्स ने आई 20 कार वाले व्यक्ति को बहुत बुरी तरह पीटा जबकि टक्कर मारने वाला कोई आम आदमी नही था वो एयरफोर्स का कोई अधिकारी ही लग रहा था और अपनी पत्नी एवं 5 वर्षीय बच्चे के साथ सिविल लाइंस घूमने आया था त् टक्कर लगने के बाद इस परिवार ने थार वाले से माफी भी मांगी लेकिन थार में बैठा ये गुंडा दोनो पति पत्नी को बुरी तरह पीटने लगा, तब पब्लिक ने इस गुंडे को पकड़ के जम के पीटा और सिविल लाइन्स पुलिस बुलवाकर इसे पुलिस के हवाले कर दिया ।





# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक हुई सम्पन्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मड़ोका महेवा में स्थित मानवाधिकार कार्यालय में बैठक हुई सम्पन्य बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय सुरेश सिंह तोमर जी महानगर मंडल प्रभारी महेंद्र नाथ सिंह मंडल महामंत्री अभिनव केसरवानी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता तथा जिला महिला अध्यक्ष अनिताराज जी एवम एवं सैकड़ो कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन हो रहे मानव के हनन को लेकर अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किए गए और सभी संगठन के पदाधिकारी को निर्देश भी दिए गए, किसी भी तरीके से मानव हनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो भी लोग जहां पर भी बैठे हो सरकारी हो या गैर सरकारी अगर वो मानव के साथ गलत व्यवहार कर रहे है तो उनको बक्क्षा नही जाएगा उन सभी लोगो के खिलाफ करवाही होगी और पीड़िता को न्याय भी मिलेगा। इसी बीच अभिनव केसरवानी जी के कार्यों को देखते हुवे उन्हें आज महानगर मंडल महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया और उनका माल्यार्पण भी किया गया। संस्था के सभी पदाधिकारी ने अपने उच्च पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही साथ समस्त जनों द्वारा वृक्षारोपण करने के पश्चात राष्ट्रगान करा कर बैठक को समाप्त किया गया।



# लायन्स इंटरनेशनल, मंडल 321ई द्वारा आयोजित डाण्डिया उत्सव कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** लायन्स इंटरनेशनल, मंडल 321ई द्वारा आयोजित डाण्डिया उत्सव कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी! यह कार्यक्रम लायन सदस्यों, उनके पारिवारिक मित्रों के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति जे जे मुनीर साहब द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस अवसर पर मण्डलाध्यक्ष बलबीरसिंह बग्गा, डा. जगदीश गुलाटी, एमसीएस जे एन श्रीवास्तव, उपमण्डलाध्यक्षा प्रथम डा. अर्पणधर दुबे, और उपमण्डलाध्यक्ष द्वितीय उदय चंदानी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डाण्डिया नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और सामाजिक संगम जैसे विशेष आकर्षण शामिल थे, जिसने लायन्स इंटरनेशनल के सदस्यों और उनके परिवार के लिए एक आनंदमय और स्मरणीय अवसर प्रदान किया। यह आयोजन एनसीजेडसीसी (एनसीजेड सांस्कृतिक केंद्र) में 6 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की सफलता के पीछे डीडीजी संजय गुप्ता, अनिल जायसवाल, हिमान्शु गुप्ता, जगमोहन अग्रवाल, सतीश टण्डन, ऋषि सेठी, डा आर के सिंह, अर. विशाल खरे, नीरज अग्रवाल, राजकुमार जायसवाल, ममता बंसल, दीपक अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान था, जिन्होंने समस्त लायन सदस्यों की ओर से बेहतर प्रबन्धन किया।



# जनसुनवाई पर आए 19 शिकायतें हुआ निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 0, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।इस मौके पर जेई मनीष कुमार,सभासद अनवर खा,मनोज चौबे, अजित सिंह, सजीत,शन्त शोनी, सुजीत कुमार, आकाश,विमलेश सहित अन्य लोग रहें।



# रुचिर डांस इंस्टीट्यूट के महिलाओं एवं बच्चों ने प्राचीनता का नवीनता से मिश्रण किया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा ।**स्थानीय नगर पंचायत अंतर्गत ऑफिसर क्लब नंबर 1 में रविवार की देर शाम रुचिर डांस इंस्टीट्यूट द्वारा डांडिया उत्सव एवं संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नगर की सैकड़ो महिलाऐं और लड़कियों ने पारंपरिक परिधान में डांडिया उत्सव में भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की आरती के साथ शुभारंभ किया गया और नौ दुर्गा स्तुति नृत्य की प्रस्तुति दी गई,जिसमें रुचि गोपाल, रीमा सिंह, सीमा सिंह, रिंकी शर्मा, सुषमा प्रवीन , प्रिंसी, प्रियांशी जौहरी, हिमालय श्रीवास्तव, कुमारी आरवी जौहरी,कुमार रेहांत सिंह, कुमारी मुस्कान सिंह, कुमारी सरोज, कुमारी पारिता और सुश्री कला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। तत्पश्चात ऋचा श्रीवास्तव द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। रुचि गोपाल व अभिषेक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा मिशन नृत्य के प्रति गहरा प्रेम पैदा करना है, साथ ही प्रदर्शन कलाओं के प्रति आत्मविश्वास,अनुशासन और सम्मान को प्रेरित करना है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक नर्तक को वह उपकरण देना है जिसकी उन्हें नृत्य को उस मुकाम तक ले जाने के लिए आवश्यकता है जहाँ तक वे जाना चाहते हैं। हमारा मानना है कि अगर आप सपना देख सकते हैं तो आप उसे हासिल भी कर सकते हैं। नृत्य शिक्षा समाज में जिम्मेदार, समर्पित, दृढ़ निश्चयी और रचनात्मक वयस्कों के विकास में योगदान देती है। मुख्य अतिथि चांदनी देवी ने कहा कि हम इस बात की सराहना करते हैं कि एक नर्तक का दिल कई अलग-अलग शरीरों में जन्म लेता है और नृत्य के प्रति प्रेम कई अलग-अलग शैलियों को अपना सकता है। एक बार नर्तक बनने के बाद वह हमेशा नर्तक ही रहता है, नृत्य एक ऐसी चीज़ है जिसे छात्र अपने जीवन के सभी चरणों में अपना सकते हैं। नगर की समाज सेविका सुधा देवी ने कहा कि संगठन का मिशन जीवन में अनुशासन और समय की पाबंदी के साथ-साथ संस्था और व्यक्तिगत विकास के लिए समर्पित होगा। सतीश भाटिया ने कहा कि पर्व त्योहार और उत्सव हमारे पारंपरिक विरासत और रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराते हैं जो सराहनीय है। संचालन हेमंत मोहन द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि चांदनी , सुधा, विजय कुमार, घनश्याम सिंह स्वेता सिंह , कंचन सिंह , रतनिका यादव, सुमन गुप्ता, शुभा सिंह, गायत्री पांडेय व अन्य लोग मौजूद रहे।














भारत

## संक्षिप्त समाचार

### उद्धव ठाकरे पर बरसे सीएम एकनाथ शिंदे, कहा- बेटे पर निशाना साधने की बजाय मुझसे करें मुकाबला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए पूछा कि, वह किसी के बेटे की आलोचना क्यों करते हैं? इसके बजाय उसके पिता की आलोचना करें, जोकि एक चुनौती




है। वे (ठाकरे) मेरे काम को मिली प्रतिक्रिया के कारण अंदर से टूट चुके हैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (उद्धव) प्रमुख और अपने पूर्व नेता उद्धव ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा कि, वे उनके बेटे पर निशाना साधने के बजाय उनसे मुकाबला करें। ठाणे में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे के उन आरोपों का जवाब दे रहे थे। जो ठाकरे ने उनके बेटे और कल्याण लोकसभा सीट सांसद श्रीकांत शिंदे पर लगाए थे। सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए पूछा कि, वह किसी के बेटे की आलोचना क्यों करते हैं? इसके बजाय उसके पिता की आलोचना करें, जोकि एक चुनौती है। वे (ठाकरे) मेरे काम को मिली प्रतिक्रिया के कारण अंदर से टूट चुके हैं और इसीलिए वे इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि वह अपने काम से अपने विरोधियों के कटाक्षों का जवाब देंगे। एकनाथ शिंदे ने उन लोगों पर भी आरोप लगाया है जो कहते हैं कि उनके पैरों तले जमीन खिसक गई है। वहीं दूसरी ओर शिवसेना-यूबीटी के चीफ उद्धव ठाकरे ने शनिवार को उनका साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं को साफ शब्दों में कहा कि चुनाव बाद उनकी पार्टी में वापसी नहीं होगी। उद्धव ने शनिवार को कहा था कि, किसी भी विश्वासघाती को पार्टी में एंट्री नहीं दी जाएगी। ठाकरे ने कहा कि राज्य की जनता बीजेपी और शिवसेना को विधानसभा चुनाव में उन्हें उनकी जगह दिखाएगी। डेढ़ महीने में ये विश्वासघाती हमारे पास नौकरी के लिए आएंगे क्योंकि वे जॉबलेस हो जाएंगे। मैं चुनाव के बाद किसी भी विश्वासघाती को नौकरी नहीं देने वाला हूं।

# भारत की सुरक्षा को कमजोर करने वाला काम नहीं करेंगे', नई दिल्ली पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति का बयान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन के साथ मालदीव के बढ़ते संबंधों पर कहा कि मालदीव दूसरे देशों के



साथ सहयोग बढ़ा रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि उसके किसी भी कदम से भारत की सुरक्षा और स्थिरता को कोई नुकसान न पहुंचे भारत और मालदीव के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। हालांकि, दोनों देश अब संबंध सुधारने की कोशिश करदिल्ली को एक 'मूल्यवान साझेदार एवं मित्र' के रूप में देखता है तथा रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग 'हमेशा प्राथमिकता' रहेगा। रहे हैं। इसी क्रम में, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत की यात्रा पर आए हुए हैं। यह उनकी पहली राजकीय यात्रा है। उन्होंने रविवार को नई दिल्ली में कदम रखते ही कहा कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा, जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो। मुइज्जू ने एक अंग्रेजी अखबार से कहा कि मेल दिल्ली को एक 'मूल्यवान साझेदार एवं मित्र' के रूप में देखता है तथा रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग हमेशा प्राथमिकता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन के साथ मालदीव के बढ़ते संबंधों पर भारत की चिंताओं को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मालदीव दूसरे देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि उसके किसी भी कदम से क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को कोई नुकसान न पहुंचे। मालदीव राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मालदीव का एक महत्वपूर्ण सहयोगी और मित्र है। दोनों देशों के रिश्ते आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित हैं। मालदीव भारत के साथ मजबूत और रणनीतिक संबंध बनाए रखेगा और क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेगा। 'मालदीव फर्स्ट' नीति के तहत उनका देश भारत के साथ अपने पुराने और भरोसेमंद संबंधों को प्राथमिकता देता रहेगा।उन्होंने कहा, 'हमें विश्वास है कि दूसरे देशों के साथ हमारे संबंध भारत के सुरक्षा हितों को कमजोर नहीं करेंगे। मालदीव भारत के साथ मजबूत और रणनीतिक संबंध बनाए रखेगा।'उन्होंने आगे कहा कि मालदीव और भारत अब एक-दूसरे की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझते हैं और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग हमेशा प्राथमिकता रहेगा। हालांकि, उन्होंने भारतीय सैनिकों को मालदीव से वापस भेजे जाने का बचाव करते हुए कहा कि यह स्थानीय लोगों की इच्छा थी। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों से द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक प्रगति दिखाई देती है। उनकी पहली राजकीय यात्रा के अंत तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि मालदीव एक सहयोगात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।मुइज्जू ने कहा, 'भारत हमारे सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक है और रक्षा सहयोग हमेशा प्राथमिकता रहेगी। इन वैश्विक रूप से चुनौतीपूर्ण समय में क्षेत्रीय युद्धों के साथ सभी देशों की सुरक्षा को खतरा है, इन सहयोगों को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मालदीव और भारत अब एक दूसरे की प्राथमिकताओं और चिंताओं को बेहतर ढंग से समझते हैं।

# वारदात से पहले सीसीटीवी फुटेज में दिखा हत्यारा, ऐसे बच्ची को किया था अगवा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में मासूम बच्ची की हत्या के मामले में सीसीटीवी फुटेज में बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी साइकिल पर दिखा था और उसने बच्ची को लालच देकर अगवा किया था पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक स्कूली छात्रा के अपहरण और हत्या के आरोपी व्यक्ति को शुक्रवार को अपराध करने से पहले एक दुकान के अंदर देखा गया था। इस वारदात को अंजाम देने पहले आरोपी दुकान पर गया था और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। सीसीटीवी में युवक को साइकिल से निकलने से पहले दुकान में एक व्यक्ति से बात करते देखा गया था। पुलिस ने पहले पुष्टि की थी कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को साइकिल पर अगवा किया था। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक स्कूली छात्रा के अपहरण और हत्या के आरोपी व्यक्ति को शुक्रवार को अपराध करने से पहले एक दुकान के अंदर देखा गया था। इस वारदात को अंजाम देने पहले आरोपी दुकान पर गया था और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। सीसीटीवी में युवक को साइकिल से निकलने से पहले दुकान में एक व्यक्ति से बात करते देखा गया था। पुलिस ने पहले पुष्टि की थी कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को साइकिल पर अगवा किया था। जानकारी के मुताबिक घर से कोचिंग क्लास के लिए निकली लड़की का शव शनिवार सुबह माशिशामारी पुलिस चौकी से करीब



एक किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके से बरामद किया गया। इस मामले में पीड़िता के परिवार ने शुक्रवार को जयनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जब वह अपनी स्कूल से वापस नहीं लौटी। दक्षिण 24 परगना के बरुईपुर एसपी पलाश चंद्र धाली ने कहा, जब उसके पिता रात 8 बजे अपनी दुकान से लौटे, तो उन्हें पता चला कि उनकी 10 वर्षीय बेटी घर नहीं लौटी है। इसके बाद वह मामला दर्ज कराने के लिए जयनगर पुलिस स्टेशन जाने से पहले माशिशामारी पुलिस कैंप गए थे। बरुईपुर एसपी ने कहा कि पीड़िता की एक दोस्त ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी और पीड़िता को साइकिल पर देखा था। उसकी जानकारी से पुलिस को हत्यारे की पहचान करने और उसे पकड़ने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया और पुलिस को उस जगह पर ले गया, जहां उसने शव को फेंका था। पुलिस ने शनिवार को सुबह करीब 3:00 बजे बच्ची के शव को बरामद किया था। सूत्रों के अनुसार, मुस्तकिन सरदार नाम का आरोपी कुछ समय से पीड़िता से दोस्ती करने की कोशिश कर रहा था और अपराध के दिन उसने उसे आइसक्रीम खिलाने के बाद अगवा कर लिया। इस वारदात के बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पास में ही पुलिस कैंप में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यह घटना हुई और लड़की की तलाश में देरी हुई। हालांकि, पुलिस ने कहा कि शिकायत मिलते ही उन्होंने जांच शुरू कर दी और शनिवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ढाली ने कहा, शिकायत मिलते ही हमने रात 8.30 बजे जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा, हम परिवार के साथ हैं और हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। यह एक जघन्य अपराध है। हम जल्द ही आरोपपत्र दाखिल करेंगे और अपराधी के लिए मृत्युदंड की मांग करेंगे। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को भी इलाके में भेजा गया है। इस बीच, घटना को लेकर राज्य में राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है और उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। बता दें कि पीड़िता के शव का दूसरा पोस्टमार्टम आज किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यौन उत्पीड़न के आरोप जोड़ने के बारे में स्पष्टता होगी। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर दूसरा पोस्टमार्टम किया जा रहा है। उसका शव फिलहाल कांतापुकुर मुर्दाघर में है, जहां पहला पोस्टमार्टम किया गया था। वहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि अपराधी को तीन महीने के भीतर मृत्युदंड मिले। अपराध तो अपराध है।

# देश में एआई वाले साइबर हमले बढ़े, रहना होगा सतर्क; बेहद होशियार लोग भी हो रहे शिकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा फर्म क्विक हील के एंटीवायरस लाइनअप की रणनीति और उत्पाद संरक्षक प्रमुख स्नेहा काटकर कहती हैं कि आज



साइबर अपराधी मैन्युअली काम नहीं कर रहे हैं। वे हमलों के लिए स्वचालित एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी वजह से बेहद होशियार लोग भी इसके शिकार बन जाते हैं। तकनीक पर तेजी से निर्भर होती जा रही दुनिया को उसके फायदे ही नहीं, बल्कि स्याह पक्ष से भी वास्ता रखना होगा, क्योंकि साइबर अपराधी परिष्कृत हमलों को अंजाम देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बेजा इस्तेमाल कर रहे। यह लोगों के लिए ही नहीं, संगठनों के लिए भी खतरे की घंटी है। साइबर सुरक्षा फर्म क्विक हील के एंटीवायरस लाइनअप की रणनीति और उत्पाद संरक्षक प्रमुख स्नेहा काटकर ने यह बात कही। काटकर कहती हैं कि आज साइबर अपराधी मैन्युअली काम नहीं कर रहे हैं। वे हमलों के लिए स्वचालित एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी वजह से बेहद होशियार लोग भी इसके शिकार बन जाते हैं। पारंपरिक सुरक्षा उपाय इसके आगे टिक नहीं पाते हैं। स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर्स की निजी जानकारियां लीक होना इस खतरनाक रवैये का हालिया उदाहरण है। इसने टेलीग्राम चैटबॉट्स पर ग्राहकों की संवेदनशील स्वास्थ्य जानकारी सार्वजनिक कर डाली। उनका कहना है कि स्टार हेल्थ की यह चोरी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में मौजूद कमजोरियों को बताती हैं।

# चेन्नई एयर शो में हुए हादसे पर बवाल एआईएडी एमके ने मांगा तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चेन्नई के मरीना एयर फील्ड में हुए एयर शो के दौरान हुए हादसे के बाद तमिलनाडु सरकार और स्थानीय प्रशासन सवालों के



घेरे में आ गया है। दरअसल, एयर शो के दौरान दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोगों की गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दावा यह भी किया गया कि एक व्यक्ति की मौत हीट स्ट्रोक के चलते हुई। इस बीच अन्नाद्रमुक नेता कोवई सत्यन ने तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंपें स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम के इस्तीफे की मांग की और घटना को द्रमुक सरकार का कुप्रबंधन करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (ँधंॅश्ख्) के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने पहले दावा किया था कि एयर शो कार्यक्रम के दौरान हीटस्ट्रोक के कारण पांच लोगों की जान चली गई। इस बीच अन्नाद्रमुक नेता सत्यन ने कहा कि जब आपके पास एक अयोग्य व्यक्ति मुख्यमंत्री के रूप में हो, तो उसके मंत्रियों की परिषद भी अयोग्य ही होगी। आप इससे अच्छे परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकते। एमके स्टालिन और उनका परिवार एयर-कंडीशन में बैठकर एयर शो का आनंद ले रहा था, जबकि लोगों को यह एयर शो देखने के लिए 5-10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। उन्होंने आगे दावा किया कि एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार इस कार्यक्रम का उचित समन्वय और प्रबंधन नहीं कर पाई। मेरी आंखों के सामने बच्चे गिर रहे थे। ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी, जो लोगों की मदद कर सके, उन्हें रास्ता दिखा सके, उन्हें उनकी जरूरत को लेकर बता सके। पानी देने वाले कोई बूथ नहीं थे और कोई चिकित्सा सहायता भी नहीं थी। कोई यातायात प्रबंधन नहीं था। यह पूरी तरह से कुप्रबंधन है। अनमोल जीवन खो गए हैं। मा सुब्रमण्यम में सहानुभूति और आत्म-चेतना नाम की कोई चीज नहीं है। उन्हें स्वास्थ्य मंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और घटना के लिए डीएमके सरकार को जिम्मेदार ठहराया। अन्नामलाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं यह सुनकर स्तब्ध हूं कि चेन्नई मरीना बीच पर आयोजित आईएएफ 'एयर शो' कार्यक्रम के दौरान भीड़ के कारण 5 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। इसका एकमात्र कारण यह है कि डीएमके सरकार ने आईएएफ एयर शो देखने आए लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं और पर्याप्त परिवहन व्यवस्था प्रदान किए बिना जनता की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा। बता दें कि भारतीय वायु सेना ने 8 अक्तूबर को आगामी 92वें वायु सेना दिवस से पहले रविवार को चेन्नई के मरीना बीच पर एयर शो का आयोजन किया।

# हम एग्जिट पोल को गंभीरता से नहीं लेते', हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव नतीजों से पहले शशि थरूर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कई एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस की संभावित वापसी और जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन की संभावना जताई गई है। हालांकि, थरूर के विपरीत, कई कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में पार्टी और गठबंधन की जीत पर भरोसा जताया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने




हालांकि, थरूर के विपरीत, कई कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में पार्टी और गठबंधन की जीत पर भरोसा जताया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि हम एग्जिट पोल को बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं। इस बार खबर अच्छी है। हमें जानकारी मिल रही है कि हम जीतेंगे। आठ अक्तूबर को सबकुछ साफ हो जाएगा। थरूर की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कई एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस की संभावित वापसी और जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन की संभावना कहा कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की विचारधारा को नकार दिया है। भाजपा दोनों राज्यों में सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि उत्तरी राज्यों में कांग्रेस के पक्ष में काफी बदलाव आया है। वेणुगोपाल ने कहा, 'हरियाणा में कांग्रेस अकेले सरकार बनाएगी और जम्म-कश्मीर में एनसी और कांग्रेस का गठबंधन सरकार बनाएगा। यह बहुत स्पष्ट है कि दोनों राज्यों के लोगों ने भाजपा की विचारधारा को नकार दिया है।

# गुजरात में मनाया जाएगा विकास सप्ताह, पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा के 23 साल हुए पूरे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घोषणा की, पूरे सप्ताह के दौरान



राज्य में जनभागीदारी के साथ कई आयोजन किए जाएंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, और इसी के साथ विकास की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हुआ। 7 अक्टूबर 2001 से गुजरात के विकास की जो अविरत यात्रा शुरू हुई थी, वह सोमवार, 7 अक्टूबर 2024 को 23 वर्ष पूरे करने जा रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में विकास की राजनीति का नया अध्याय रचा है। साल 2001 में 7 अक्टूबर को नरेन्द्र मोदी के राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से लेकर अब तक के 23 वर्षों की संकल्प सिद्धि की गाथा को जन-जन में उजागर करने के लिए हर साल 7 से 15 अक्टूबर, 2024 के दौरान विकास सप्ताह मनाया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घोषणा की, पूरे सप्ताह के दौरान राज्य में जनभागीदारी के साथ कई आयोजन किए जाएंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास कार्यों से प्रसिद्ध हुए 23 आइकॉनिक स्थलों पर विकास पदयात्रा के माध्यम से राज्य के विकास में पीएम मोदी के अहम योगदान से लोगों को परिचित कराया जाएगा। विकास सप्ताह' हैशटैग के साथ नागरिक सोशल और डिजिटल मीडिया पर पीएम नरेन्द्र मोदी की सुशासन पहलों और सामाजिक जीवन पर उनके प्रभावों पर अपने अनुभव साझा करेंगे स्कूल-कॉलेजों में विकास की थीम पर आधारित निबंध प्रतियोगिताएंभारत विकास प्रतिज्ञा वॉल पेंटिंग और राज्य के महत्वपूर्ण विकास स्थलों की सजावट और रोशनी विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यासयुवा सशक्तिकरण दिवस - सुशासन दिवस - उद्यमिता दिवस - पोषण और स्वास्थ्य दिवस गुजरात में 2001 से 2024 तक के सुशासन और विकास के संक्रांति काल को 2047 तक जनभागीदारी से विकसित भारत के निर्माण का कर्तव्य काल बनाने के लिए मंत्री ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से लेकर अब तक की ग्लोबल गुजरात की संकल्प सिद्धि की इस विविध विकास यात्रा और जनहितकारी सुशासन की गाथा को जन-जन के बीच उजागर करने के लिए 7 से 15 अक्टूबर, 2024 के दौरान पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ विकास सप्ताह का जश्न मनाया जाएगा।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में रविवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गुजरात के इस वैश्विक और बहुमुखी विकास के लिए नरेन्द्र मोदी की तरफ से दिए गए योगदान के लिए उनका ऋण स्वीकार किया गया।

# एक ग्राम ड्रग्स भी पकड़ने में असफल रही पुलिस

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु में सिंथेटिक दवाओं की समस्या बहुत गंभीर है और इसके



लिए हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को भी इस समस्या के खिलाफ काम करना चाहिए और विद्यार्थियों को जागरूक करना चाहिए। तमिलनाडु में नशीली दवाओं की समस्या पर राज्यपाल आरएन रवि ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पुलिस सिंथेटिक दवाओं का एक भी ग्राम नहीं पकड़ पाई है, जबकि केंद्रीय एजेंसियां राज्य में सैकड़ों किलोग्राम दवाएं पकड़ रही हैं राज्यपाल रवि ने कहा कि नशीली दवाओं की समस्या को खत्म करने के लिए सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती, इसके लिए जन आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाएं युवाओं को बर्बाद कर रही हैं और समाज को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। तेनकासी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु में सिंथेटिक दवाओं की समस्या बहुत गंभीर है और इसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को भी इस समस्या के खिलाफ काम करना चाहिए और विद्यार्थियों को जागरूक करना चाहिए।

# भारत को लेकर नरम पड़े कनाडा के सुर; कहा- उनकी क्षेत्रीय अखंडता का होना चाहिए सम्मान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** ओटावा में विदेशी हस्तक्षेप आयोग के समक्ष पेश हुए, कनाडा के विदेश मामलों के उप मंत्री




डेविड मॉरिसन ने कहा कि 'कनाडा की नीति बहुत स्पष्ट है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। एक भारत है, और यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया है'। कनाडा के विदेश मामलों के उप मंत्री डेविड मॉरिसन ने कहा है कि 'कनाडा की नीति बहुत स्पष्ट है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। एक भारत है, और यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया है'। कनाडा ने कहा है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर उसका रुख निरपेक्ष है - पिछले साल राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो की तरफ से हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों को लेकर दोनों देशों के बीच पैदा हुई दरार के बाद से यह पहला ऐसा बयान है। भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक, हरदीप सिंह निज्जर भी एक कनाडाई नागरिक था। ओटावा में विदेशी हस्तक्षेप आयोग के समक्ष पेश हुए, कनाडा के विदेश मामलों के उप मंत्री डेविड मॉरिसन ने कहा कि टकनाडा की नीति बहुत स्पष्ट है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। एक भारत है, और यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया है'। कनाडा में रहने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों के बारे में, उन्होंने कहा कि यह भयानक है, लेकिन वैध भी है। ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम में से कई लोग नहीं देखना चाहते, लेकिन ये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत संरक्षित हैं। हालांकि, एक भारत के बारे में घोषणा का उद्देश्य खालिस्तानियों के रुख पर ओटावा की स्थिति को स्पष्ट करना था, जिनमें से कई कनाडाई नागरिक हैं। इस टिप्पणी को भारत-कनाडा संबंधों को एक समान स्तर पर लाने के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है - जो लगातार गिरावट का सामना भी कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रूडो ने कहा था कि भारत के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडाई लोगों की सुरक्षा और कानून के शासन से जुड़े कुछ बहुत गंभीर मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू हो सकती है। पिछले साल, भारत ने जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया था।

# मिर्ज़ापुर

# सोनभद्र







## मां विंध्यवासिनी मंदिर पर अपना ड्यूटी स्थल छोड़ जूता पहन कर चढने पर सहायक विकास अधिकारी कृषि निलंबित



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** शारदीय नवरात्र मेला के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतीक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सिटी के द्वारा विंध्यवासिनी मंदिर पर अपने मूल ड्यूटी स्थल को छोड़कर अपने जानने वालों को दर्शन करवाने मंदिर गए थे। उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट मंदिर परिसर में जूता पहनकर जाने एवम अपना ड्यूटी स्थल छोड़कर जाने की घटना का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की जांच आख्या पर उक्त सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट श्री सिंह को तत्कालीन प्रभाव से उपनिदेशक कृषि विकेश पटेल के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

## भाकपा , माकपा व माले ने संयुक्त रूप से फिलिस्तीन के समर्थन दिया ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोमवार को भाकपा, माकपा और माले ने संयुक्त रूप से फिलिस्तीन के समर्थन में और इजराइल द्वारा जारी नरसंहार के विरोध में व भारत द्वारा इजराइल को हथियार देने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित पत्र एडीएम को सौंपा। जहां कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा कि भारत के वामपंथी व जनवादी दल फिलिस्तीन और इजराइल के बीच जारी युद्ध और उसके दिनों-दिन होते जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और तत्काल इस जनसंहार पर रोक लगाने की मांग करते हैं और कहा कि विस्तार में गए बगैर केवल इतना कहना पर्याप्त है कि इजराइल, संयुक्त राष्ट्र संघ में पास प्रस्तावों चाहे स्वतंत्र फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण और फिलिस्तीनियों के ऊपर हो रहे हमले को तुरंत रोक देने का हो, निरंतर अवहेलना कर रहा है। ज्ञातव्य है कि इजराइल की तमाम सैन्य कार्रवाई का पूरा समर्थन अमेरिका और पश्चिमी देश कर रहे है। जबकि वहां के युवक-युवतियां, बुद्धिजीवी और आम





नागरिक इस युद्ध के विरूद्ध बड़े संवाद और प्रदर्शन का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन पश्चिम देशों का शासक वर्ग तेल खदानों और ऊर्जा के स्रोतों पर कब्जा करके मुनाफा कमाने के लिए पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध में ढकेल रहा है। फिलिस्तीन से उठी लड़ाई लेबनान, यमन होते हुए ईरान के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए यही संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की मंशा है और विश्व जनमत भी यही चाहता है। वामपंथी नेताओं ने कहा कि यह दुखद है कि केन्द्र में मोदी की अगुवाई में चल रही एनडीए सरकार अपनी गलत राजनीतिक रणनीति की समझ और कारपोरेट घरानों के मुनाफे के लिए अपनी जनता के हितों के विरूद्ध खड़ी होकर छुपकर और खुले तौर पर इजराइली सैन्यवाद और जनसंहार का समर्थन कर रही है। यह नोट किया जाना चाहिए कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध लम्बा खिंचेगा तो आम नागरिकों की जिदंगी महंगाई व बेकारी से और त्रस्त हो जायेगी। कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा देश हित में हम भारत सरकार से मांग करते है कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ में इजराइल के खिलाफ आए प्रस्ताव से पीछे न हटे जैसा कि पिछले 18 सितम्बर 2024 को इजराइल के खिलाफ आए प्रस्ताव से वह पीछे हटी थी। युद्ध के लिए भारतीय भूमि का उपयोग तथा इजराइल के लिए हथियारों की सप्लाई पर तत्काल रोक लगाए। भारत अपनी अजमाई विदेश नीति के अनुरूप कार्य करें और पश्चिम एशिया में शांति बहाल हो इसके लिए कूटनीतिक व राजनीतिक प्रयास चलाए। भाकपा, माकपा और माले के द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को संबोधित पत्र को एडीएम (नमामि गंगे) ने मौके पर पंहुच कर लिया। इस अवसर भाकपा के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा के जिला मंत्री कामरेड नन्द लाल आर्या, माले के बाबूलाल भारती, भाकपा के पूर्व जिला सचिव कामरेड रामरक्षा, कामरेड अमर नाथ सूर्य, कामरेड,बसावन गुप्ता, हनुमान प्रसाद, पुरषोत्तम, विरेन्द्र गोंड, सूरज वंसल , बाबूलाल चेरो, सुनील सोनी, गौरी शंकर व विरेन्द्र सिंह गोंड़ आदि मौजूद रहे।

## बीते 24 घंटे में 60दगामर गाड़िया सीज डेढ़ सौ का हुआ चालान



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिले में पुलिस प्रशासन के आल्हा अधिकारियों के दिशा निर्देश के क्रम में चलाया जा रहा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बीच बीते 24 घंटे 60दगामर गाड़िया सीज डेढ़ सौ का हुआ चालान।यातायात प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि रविवार को विशेष अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 70 ओवरलोड ट्रैक्टर ओवरलोड पिकअप ओवरलोड प्राइवेट बस वाहनों का ई-चालान किया गया वहीं टू व्हीलर बिना हेलमेट फोर व्हीलर बिना नंबर प्लेट सीट बेल्ट को लेकर लगभग 150 ई-चालान की कार्रवाई की गई वही श्री सिंह ने बताया कि रावटसगंज नगर के स्वर्ण जयंती चौक धर्मशाला महिला थाना चौक चुर्क तिराहा सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं इस मौके पर टीएसआई केके सुक्ला,भरत कुमार,राम सिंह,सजीत यादव,संजय सिंह सहित अन्य लोग रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** सोमवार सुबह लगभग दस बजे डाला पुलिस चौकी







क्षेत्र के अंतर्गत डाला बारी में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर डाला से चोपन के तरफ से जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर लगे ड्रम को धक्का मारते हुए सड़क पर गिर गया उसी दौरान पिछे आ रही अज्ञात वाहन ने धक्का मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ,डायल 112 एव राज्य मंत्री संजीव सिंह गोड़ द्वारा घायल को ऐम्बुलेंस से चोपन अस्पताल भेजवाया गय प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना में घायल सोनू कुमार जायसवाल उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र स्व संतोष जायसवाल निवासी नई बस्ती डाला की चोपन अस्पताल जाते हुए रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया और उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है डाला पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुड़ गई।

## मिशन शक्ति पेज 05 के तहत मीनाबजार मे हुआ कार्यशाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**घुरमा सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के संबंध में चलाएं जा रहे है अभियान के क्रम मे सोमवार के दिन ग्राम पंचायत मारकुंडी के मीनाबजार पंचायत भवन पर मिशन शक्ति बेटियो की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है किसी प्रकार का अपराध होने पर बिना किसी हिचक के तत्काल पुलिस के उपरोक्त नम्बर पर सूचना दे जिससे तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।राबर्ट्सगंज महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज,



कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं बच्चों को बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जाए योजनाओं महिला सशक्तिकरण के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076 112आदि नंबर व ऑपरेशन पहल ,खुलकर बोलो चुप्पी तोड़ो आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।जिसमे मुख्य रूप से गुरमा चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओ एंव नीलू यादव ,सीमा शर्मा सुधागिरी ,सभी चाइल्डलाइन निशा कुरैशी एक्शन और यूनिसेफ, दीपिका सिंह वन स्टॉप सेंटर ,गायत्री दुबे बाल संरक्षण अधिकारी व ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव सहभाग किए सभी महिलाओ एंव बाल सुरक्षा को लेकर प्रकार डाला सभी ने विस्तृत रूप से महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गयी।सशक्तिकरण में कार्यशाला में 300 महिलाएं व बच्चे सहभाग किया।

## पॉलिटेक्निक परीक्षा में विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने ईयर बैक लगाने पर पुनः पुस्तिका के निःशुल्क जांच हेतु अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लक्ष्य को लेकर शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। अभाविप अपने स्थापना वर्ष से ही छात्रों की समस्याओं को लगातार उठाती रहती है। हाल ही में, प्राविधिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित पॉलिटेक्निक के परीक्षा परिणाम में अधिकांश विद्यार्थी फेल हो गए हैं। एवं 70 फीसदी विद्यार्थियों के ईयर बैक प्रत्येक सेमेस्टर एवं ब्रांच में लगे है। इससे विद्यार्थियों और उनके परिवारों में बहुत तनाव और चिंता है। हम समझते हैं कि परीक्षा में फेल होना एक सामान्य बात है, लेकिन दोबारा कॉपी चेक होने वाले शुल्क का बोझ गरीब विद्यार्थियों पर नहीं डाला जाना चाहिए।अतः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सचिव उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा बोर्ड के समक्ष निम्नलिखित मागे रखीं जिसमें। 1. दोबारा कॉपी चेक होने वाले शुल्क को पूरी तरह से माफ किया जाए। 2. परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए 3. छात्रओं को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक अलग सेल की स्थापना की जाए। इन समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने हेतु सचिव उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को सौंपा और यह चेतावनी भी दिया की जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी विद्यार्थी को ऐसी परिस्थिति का सामना न करना पड़े। इस दौरान विभाग संयोजक शशांक मिश्र, जिला संयोजक मृगांक दुबे,प्रांत जनजाति संयोजक मनमोहन प्रांत सोशल मीडिया संयोजक अनमोल सोनी, विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राहुल जालान, ललीतेश मिश्रा, जतिन,हिमांशु,अनिकेत,ऋषभ, श्याम, मयंक, अमन तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता और कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहें।









## फिलिस्तीन में जारी जनसंहार पर तत्काल लगे रोक- आइपीएफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुध्दी, सोनभद्र ।** आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने फिलिस्तीनियों के जारी जनसंहार पर अपनी गहरी पीड़ा जाहिर करते हुए तत्काल इस जनसंहार पर रोक लगाने की मांग पर आज भारत गणराज्य की नागरिक इस युद्ध के विरूद्ध बड़े संवाद और प्रदरशन का आयोजन कर रहे हैं। फिलिस्तीन से उठी लड़ाई लेबनान, यमन होते हुए ईरान के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए यही संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों इजराइल के खिलाफ आए प्रस्ताव से पीछे न हटे जैसा कि पिछले 18 सितम्बर 2024 को इजराइल के खिलाफ आए प्रस्ताव से वह पीछे हटी थी। युद्ध के लिए भारतीय भूमि का उपयोग तथा इजराइल के लिए हथियारों की सप्लाई पर



राष्ट्रपति को एसडीएम दुध्दी निखिल यादव के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। आइपीएफ ने ज्ञापन में कहा कि विस्तर में गए बगैर केवल इतना कहना परयाप्त है कि इजराइल, संयुक्त राष्ट्र संघ में पास प्रस्तावों चाहे स्वतंत्र फिलिस्तीनी राष्ट्र के निरमाण और फिलिस्तीनियों के ऊपर हो रहे हमले को तुरंत रोक देने का हो, निरंतर अवहेलना कर रहा है। ज्ञातव्य है कि इजराइल की तमाम सैन्य कार्रवाई का पूरा समरथन अमेरिका और पश्चिम देशों का शासक वर्ग तेल खदानों और ऊरजा के स्रोतो पर कब्जा करके मुनाफा कमाने के लिए कर रहा है। जबकि वहां के युवक-युवतियां, बुद्धिजीवी और आम की मंशा है और विश्व जनमत भी यही चाहता है। ज्ञापन में कहा गया कि यह दुखद है कि केन्द्र में मोदी की अगुवाई में चल रही एनडीए सरकार अपनी गलत राजनीतिक रणनीति की समझ और कारपोरेट घरानों के मुनाफे के लिए अपनी जनता के हितों के विरूद्ध खड़ी होकर छुपकर और खुले तौर पर इजराइली सैन्यवाद और जनसंहार का समरथन कर रही है। यह नोट किया जाना चाहिए कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध लम्बा खिचेंगा तो भारत के भी आम नागरिकों की जिदंगी महंगाई और बेकारी से और त्रस्त हो जायेगी। अतः देश हित में भारत सरकार से मांग की गई है कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ में तत्काल रोक लगाए। भारत अपनी अजमाई विदेश नीति के अनुरूप कार्य करें और पश्चिम एशिया में शांति बहाल हो इसके लिए कूटनीतिक व राजनीतिक प्रयास चलाए। ज्ञापन देने में आइपीएफ के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर, युवा मंच संयोजक राजेश सचान, आइपीएफ जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका, मजदूर किसान मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र गोंड, युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड, आइपीएफ जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, प्रवक्ता मंगरू प्रसाद श्याम, गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, रम विचार गोंड, प्रशांत दूबे, राज कुमारी गोंड आदि लोग रहे।

## साईं हॉस्पिटल राबर्ट्सगंज का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** सोमवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर साई हॉस्पिटल में हड्डी रोग, सर्जरी, आंख का ऑपरेशन व नाक, कान, गला रोग का ईलाज तथा सी0आर्म मसीन की सुविधाओं का सदर विधायक



भूपेश चौबे द्वारा उद्घाटन किया गया। तथा जिले में यह सारी सुविधा देने के सदर विधायक द्वारा प्रबंधक डॉक्टर अनुपमा सिंह को बधाई दी गई तथा विधायक द्वारा यह भी कहा गया कि नए विभाग खुल जाने से जिले के लोगों के लिए अब ईलाज बहुत ही आसान हो जाएगा, जिससे लोगों को दूर-दराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, अपने ही जिले में उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। प्रबंध निदेशक डा0 वी0 सिंह व प्रबंधक डॉ0 अनुपमा सिंह जी ने बताया कि चिकित्सालय में उपलब्ध आयुष्मान भारत के अंतर्गत मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। जिससे लोगों को इस योजना से काफी राहत भी मिल रही है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मैनेजर राजन सोनी, स्टाफ नर्स सोलिया मनी, कुसुम, सरस्वती, रेखा, शिवरतन, अमित राय, अहमद रजा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूनिवर्सल सोनांचल फार्मर एसोसिएशन ने किसान सम्मेलन का किया आयोजन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** करमा थाना क्षेत्र के जे एस पी महाविद्याल कसया कला मे



सोमवार 07अक्टूबर को यूनिवर्सल सोनांचळ फार्मर एसोसिएशन द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। दिनेश प्रसाद पाण्डेय चैयरमैन के निर्देशन पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक राजेश मिश्रा एवं संचालन गोपाल सिंह वैद्य प्रबंध निर्देशक द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में एफपीओ के 150 सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।वही एफपीओ के द्वारा उपस्थित पत्रकार मुस्तकीम खान, मकसूद खान, अशोक पटेल को सम्मानित किया त् इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि उप निर्देशक जय प्रकाश उपस्थित रहें त्विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मिश्रा, जिला नाबार्ड अधिकारी डीडीएम आनंद पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी डॉ हरेराम मिश्रा , विशिष्ठ उपस्थिति डॉ अशोक कुमार मौर्य रॉबर्ट्सगंज, डॉ सुरेश कुमार पाण्डेय घोरावल, डॉ जितेंद्र सिंह जी रामगढ़, एडीओ एजी सुरेंद्र यादव, तकनीकी सहायक आशीष,किसान सम्मेलन का सुभारम्भ सुझाव प्रस्तुत किया गया कृषि उप निदेशक ने एफपीओ के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि यूनिवर्सल सोनांचळ फार्मर एसोसिएशन किसानों के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। एफपीओ द्वारा वृक्षारोपण, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, व्यापारिक खेती, हेतु किसानों को जागरूक करने के लिए यूएसएफए एफपीओ द्वारा गांव गांव अभियान चलाया जा रहा है त् इस मौके पर प्रबंधनिदेशक डॉ प्रसन्न पटेल जे एस पी महाविद्यालय, इंद्र प्रताप बीटीसी कॉलेज, पारस सिंह कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी ,सरदार वल्लभभाई पटेल आईटीआई ,जेएसपी फार्मेसी कसया कला सोनभद्र ई. प्रकाश पाण्डेय, राजेश मिश्रा, गोपाल सिंह वैध, रबिंन्द्र बहादुर सिंह,मंकरिणका देवी, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि भारी संख्या मे किसान उपस्थित रहे।


## श्री राम के जयकारे से गूंजायमान हो गया रामलीला प्रांगण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** श्री रामलीला समिति



सोनभद्र द्वारा आयोजित रामलीला के चौथे दिन नगर भ्रमण मीना बाजार फुलवारी, सीता स्वयंवर, धनुष-यज्ञ, राम-सीता विवाह, लक्ष्मण-परशुराम संवाद जैसे प्रसंगों का मंचन किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज के कलाकारों ने बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।रामलीला की शुरुआत के दृश्य में दिखाया जाता है कि राजा जनक के पास भगवान शिव का दिव्य धनुष था। वह मंच में बने महल की आकृति में एक जगह स्थापित किया गया था। उसे कोई नहीं हिला सकता था। एक दिन अपने घर में जमीन पर गोबर का लेप लगाने के दौरान जनक नंदिनी सीता ने धनुष को उस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रख दिया और वह अपना कार्य करने लगीं। सीता के इस कृत्य को देखकर महाराजा जनक को बहुत ही आश्चर्य हुआ। तब उन्होंने सोचा कि इस पुत्री में कोई अलौकिक शक्ति है।राजा जनक ने निश्चय किया कि सीता का विवाह ऐसे पराक्रमी से किया जाएगा, जो भगवान शिव के पिनाक नामक धनुष को भंग करेगा। तभी जनकपुर में सीता के स्वयंवर का आयोजन किया जता है । इसकी घोषणा सुनकर दूरदराज से पराक्रमी राजा धनुष यज्ञ में शामिल होते हैं। विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे। रंगमंच स्थल पर अनेक देश के राजाओं ने आकर स्वयंवर में धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई धनुष को हिला तक नहीं सका।राजा रावण भी धनुष यज्ञ में शामिल हुआ। वह सीता को स्वयंवर में प्राप्त नहीं कर सका। तब उसने कहा कि हे सीते एक दिन तुम्हे लंका जरूर ले जाउंगा। जब कोइ धनुष नहीं उठा सका तो राजा जनक चिंतित हो उठे। अंत में गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को भंग कर दिया।

# स्पोर्ट्स



## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हुए शिवम दुबे, टीम में शामिल किया गया यह खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** युवा ऑलराउंडर तिलक वर्मा की टीम में वापसी हुई है। उन्हें आखिरी बार अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते देखा गया था। अब तक उन्होंने 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139.41 के स्ट्राइक रेट से 336 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को टीम में एक बदलाव किया है। शिवम दुबे की जगह तिलक वर्मा को टीम में शामिल किया गया है। युवा ऑलराउंडर को पीठ की चोट की वजह से बाहर कर दिया गया है।बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए हाल ही में बोर्ड ने भारतीय टीम का एलान किया था। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारत टी20 सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के लिए शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को आराम दिया गया है, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में शामिल अभिषेक शर्मा को मौका दिया गया है। युवा ऑलराउंडर तिलक वर्मा की टीम में वापसी हुई है। उन्हें आखिरी बार अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते देखा गया था। अब तक उन्होंने 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139.41 के स्ट्राइक रेट से 336 रन बनाए हैं। वहीं, 21 वर्षीय खिलाड़ी ने सिर्फ दो विकेट चटकाए हैं। इस प्रारूप में उनके नाम दो अर्धशतक दर्ज हैं। भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नीतीश कुमार रेड्डी, तिलक वर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव। बांग्लादेशः नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहिद हृदोय, महमूदुल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, मेंहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

## भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान की कप्तान ने दिया टीम को मंत्र, बोलीं- शांत रहिए और

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 में कुल 15 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें भारत का रिकॉर्ड चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के



खिलाफ बेहतर रहा है। महिला टी20 विश्व कप का आगाज हो चुका है। एक तरफ जहां भारतीय टीम को उसके पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ आसान जीत मिली है। अब चिर-प्रतिद्वंद्वी टीम की कप्तान फातिमा सना ने भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपनी टीम को किसी भी परिस्थिति में शांत रहने का मंत्र दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 में कुल 15 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें भारत का रिकॉर्ड चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बेहतर रहा है। भारत ने 13 बार पाकिस्तान को मात दी है, जबकि पाकिस्तान टीम को तीन बार भारतीय टीम के खिलाफ सफलता मिली है। मुकाबले से पहले फातिमा ने कहा- ऐसा कोई दबाव नहीं है, लेकिन हां, वहां भीड़ होगी और माहौल ऐसा ही होगा इसलिए टीम पर थोड़ा दबाव होगा। हम शांत रहने की कोशिश करेंगे और ज्यादा दबाव नहीं लेंगे। जब हम दबाव लेते हैं, तो यह हमारे पक्ष में नहीं जाता है। हम शांत रहने की कोशिश करेंगे और स्थिति को संभालेंगे। भारतीय महिला टीम के लिए टी20 विश्व कप की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम के लिए टूर्नामेंट में आगे की राह कठिन हो गई है और उसे अब अगले सभी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। पाकिस्तान की कप्तान ने आगे कहा- सबसे पहले, हम हमेशा आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते थे। मैं देख रही हूं कि हम जिस भी टीम के खिलाफ खेलते हैं, वह आक्रामक क्रिकेट खेलती है। एक गेंदबाज के तौर पर मुझे लगता था कि जो भी हमारे खिलाफ गेंदबाजी करता था, वह पहली गेंद से ही हमें हिट करता था। मैं चाहती थी कि हमारी टीम में ऐसे बल्लेबाज हों जो पहली गेंद से ही गेंदबाज को परेशान कर सकें। हमने इस पर बहुत काम किया है, और उम्मीद है कि आपको जल्द ही इसका नतीजा देखने को मिलेगा।

## लगातार दूसरे बार हारी श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया को आसान लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बहाना पड़ा पसीना


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भले ही यह मुकाबला जीत लिया,




लेकिन श्रीलंका के गेंदबाजों ने एलिसी हीली की टीम को परेशान किया। श्रीलंका की टीम को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें छह विकेट से हरा दिया। महिला टी20 विश्व कप में यह श्रीलंका की लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उन्हें अपने पहले ही मुकाबले में पाकिस्तान के हाथों 31 रनों से करारी शिकस्त मिली थी। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबजी करने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की नाबाद 43 रनों की पारी की बदौलत 14.2 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया इस जीत के साथ ग्रुप ए की अंक तालिका में दो अंकों के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, श्रीलंका चौथे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से भारत को भी नुकसान हुआ है। टीम पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। शुक्रवार को हरमनप्रीत कौर की टीम को न्यूजीलैंड के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। बात करें मुकाबले की तो श्रीलंका की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं हुई। कप्तान चामरी अट्टापट्टू सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौटीं जबकि विश्मी गुणारत्ने बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं। इस मैच में श्रीलंका के लिए हर्षिता ने 23 और निलकशिखा सिल्वा ने 29ङ रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए मेगन स्कट ने तीन, सोफी मोलिनेक्स ने दो, एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहेम ने एक-एक विकेट चटकाया। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भले ही यह मुकाबला जीत लिया, लेकिन श्रीलंका के गेंदबाजों ने एलिसी हीली की टीम को परेशान किया। टीम को पहला झटका कप्तान के रूप में ही लगा जिन्हें पहले ही ओवर में प्रबोधनी ने बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना सकीं। इसके बाद जॉर्जिया (3) रनआउट हो गईं। इस मुकाबले में एलिस पेरी ने 17, एश्ले गार्डनर ने 12, फीबी लिचफील्ड ने नौङ और बेथ मूनी ने 43ङ रन बनाए। वहीं, श्रीलंका के लिए प्रबोधनी, इनोका और सुगंदिका को एक-एक विकेट मिला।

## सिंगापुर ने 182 साल पुरानी घुड़दौड़ परंपरा को कहा अलविदा, जमीन की कमी से जूझ रहा दक्षिण पूर्व एशिया का यह देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**सिंगापुर में एसटीसी 1842 से घुड़दौड़ के शौकीनों का पसंदीदा ठिकाना रहा। एसटीसी ने अपने 182 साल के सफर को 10 दौड़ों की भव्य विदाई के साथ साथ खत्म किया। जमीन की कमी



से जूझ रहे सिंगापुर ने शनिवार को घुड़दौड़ की 182 साल पुरानी ब्रिटिश युग की परंपरा को अलविदा कह दिया। क्रांजी के प्रतिष्ठित सिंगापुर टर्फ क्लब (एसटीसी) रेसकोर्स ने आवास और अन्य विकास परियोजनाओं को जगह देने के लिए अपने दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दिए। स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एसटीसी के बंद होने से पहले शनिवार को आखिरी दौड़ के लिए हजारों घुड़दौड़ के शौकीन यहां पहुंचे। सिंगापुर में एसटीसी 1842 से घुड़दौड़ के शौकीनों का पसंदीदा ठिकाना रहा। एसटीसी ने अपने 182 साल के सफर को 10 दौड़ों की भव्य विदाई के साथ साथ खत्म किया। इसका समापन 1.38 मिलियन सिंगापुर डॉलर के ग्रैंड सिंगापुर गोल्ड कप से हुआ। एसटीसी रेसकोर्स की 124 हेक्टेयर भूमि मार्च 2027 तक सिंगापुर सरकार को वापस कर दी जाएगी।सिंगापुर में घुड़दौड़ की शुरुआत 180 साल पहले स्कॉटिश व्यापारी विलियम हेनरी मैकलियोड रीड ने की थी। बाद में 1924 में इसका का नाम बदलकर एसटीसी कर दिया गया। रेसिंग में बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एसटीसी ने अपना सेरांगून रोड (फरर पार्क) रेसकोर्स बेचा और 15 अप्रैल, 1933 में सिंगापुर के गवर्नर सर सेसिल क्लेमेंटी ने बुकिट तिमाह में एक नया रेसकोर्स खोला। आखिर में 1999 में इसे क्रांजी में स्थानांतरित कर दिया गया। बीते कुछ पिछले कुछ वर्षों में इसने युवा ओलंपिक खेलों के आयोजन सहित दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सहित गणमान्य लोगों की मेजबानी की है साथ ही युवा ओलंपिक खेलों जैसे आयोजनों की भी मेजबानी की है। एसटीसी में भारतीय मूल के ट्रैक प्रमुख आर जयराजू ने कहा कि उन्हें एसटीसी की आखिरी रेस की आयोजन समिति का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। वह इसे मिस करेंगे,खासकर इसलिए क्योंकि वह बीते 25 साल से इसके साथ थे।

## झज्जर में ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने डाला वोट, बोलीं- छोटे कदम बड़े लक्ष्य की ओर ले जाते हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मनु भाकर ने झज्जर में पोलिंग बूथ पर मतदान करती दिखीं। उन्होंने पहली बार वोट डाला है। अपने इस अनुभव को साझा करते हुए मनु ने प्रेरित करने वाला बयान दिया है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर ने पहली बार मतदान किया। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। इसी कड़ी में मनु भाकर ने झज्जर में पोलिंग बूथ पर मतदान करती दिखीं। उन्होंने पहली बार वोट डाला है। अपने इस अनुभव को



इतिहास रचने वाली मनु भाकर ने पहली बार मतदान किया। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। इसी कड़ी में मनु भाकर ने झज्जर में पोलिंग बूथ पर मतदान करती दिखीं। उन्होंने पहली बार वोट डाला है। अपने इस अनुभव को साझा करते हुए मनु ने कहा- मैंने पहली बार मतदान किया। इस देश के युवा होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सबसे अनुकूल उम्मीदवार को अपना वोट दें। छोटे कदम बड़े लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं। मनु के साथ उनकी मां सुमेधा भाकर भी दिखीं।पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर साझा करते हुए मनु ने कहा- मैंने पहली बार मतदान किया। इस देश के युवा होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सबसे अनुकूल उम्मीदवार को अपना वोट दें। छोटे कदम बड़े लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं। मनु के साथ उनकी मां सुमेधा भाकर भी दिखीं।हालांकि, कुछ भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने अपने करियर में ओलंपिक खेलों में कुल मिलाकर दो पदक जीते हैं। इनमें सुशील कुमार (कुश्ती) और पीवी सिंधू (बैडमिंटन) शामिल हैं। सुशील ने लंदन 2012 में रजत पदक जीतने से पहले बीजिंग 2008 खेलों में कांस्य पदक जीता था।


## वरुण चक्रवर्ती ने इस भारतीय स्पिनर को दिया धन्यवाद, तीन साल बाद वापसी पर किया प्रभावशाली प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने पहले टी20 मैच में सात विकेट से जीत दर्ज



की। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए थे। बांग्लादेश को कम स्कोर पर रोकने का श्रेय वरुण को जाता है जिन्होंने तीन विकेट झटके। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच के बाद कहा कि तीन साल के लंबे इंतजार के बाद भारतीय टीम में वापस आना उनके लिए भावुक क्षण है और दोबारा जन्म लेने जैसा है। वरुण ने इसके अलावा अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को धन्यवाद दिया। वरुण का कहना है कि अश्विन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में उनकी काफी मदद की जिससे उनका भरोसा बढ़ा। भारत ने पहले टी20 मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। बांग्लादेश को कम स्कोर पर रोकने का श्रेय वरुण को जाता है जिन्होंने तीन विकेट झटके। वरुण ने मैच के बाद कहा, तीन साल के लंबे इंतजार के बाद वापस आना मेरे लिए भावुक करने वाला पल है। भारतीय जर्सी में दोबारा लौटकर खुश हूं। मेरे लिए यह दोबारा जन्म लेने जैसा है। मैं बस उसी प्रक्रिया के तहत खेलना चाहता था जैसा मैं आईपीएल में करता हूं। मैं बहुत ज्यादा आगे की नहीं सोचता और सिर्फ मौजूदा समय में ही रहना चाहता हूं। इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता हूं। आईपीएल के बाद मैंने कुछ अन्य टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था जिसमें से एक तमिलनाडु प्रीमियर लीग था। यह अच्छा और उच्च स्तर का टूर्नामेंट है।
वरुण ने कहा कि तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान अश्विन के साथ काम करना उनके लिए फायदेमंद रहा और इससे उनका मनोबल बढ़ा। वरुण ने कहा, तमिलनाडु प्रीमियर लीग ऐसी जगह है जहां मैंने अश्विन के साथ काफी काम किया। हमने साथ में चैंपियनशिप भी जीती और इससे मेरा भरोसा भी बढ़ा। इस सीरीज के लिए वो अच्छी तैयारी थी।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## उन्होंने कभी मेरे पिता को धन्यवाद नहीं दिया', बहन विनेश पर भड़कीं बबीता, लगाया बड़ा आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस दौरान बबीता ने बताया कि जब विनेश को फाइनल से पहले अयोग्य करार दिया गया था, तब उनके पिता महावीर भावुक हो गए थे। अंतरराष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट ने अपनी चचेरी बहन विनेश फोगाट पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता महावीर फोगाट ने विनेश को बतौर कोच ट्रेनिंग दी, लेकिन उन्होंने कभी अपने चाचा का धन्यवाद नहीं दिया। बता दें कि, पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से बढ़े वजन के कारण बाहर होना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने संन्यास ले लिया और कांग्रेस में शामिल हो गईं।2014 में कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली बबीता ने सुशांत सिन्हा के पॉडकास्ट पर बात करते हुए विनेश द्वारा महावीर फोगाट की सराहना न करने पर अपनी निराशा व्यक्त की। विनेश के पिता के निधन के बाद महावीर ने उनके कोच की भूमिका निभाई थी। बबीता ने कहा- आपने देखा होगा कि जब मनु भाकर







ओलंपिक पदक लेकर घर लौटीं तो उनके कोच उनके साथ थे। इसी तरह अमन सेहरावत पदक लेकर लौटे और उनके साथ उनके कोच भी थे। लेकिन जब विनेश लौटीं तो दीपेंद्र हुड्डा उनके साथ थे। लोगों के लिए बेहतर होगा कि उन्हें (दीपेंद्र को) द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया जाए। मेरा मानना है कि अगर मेरे पिता एयरपोर्ट पर उनके साथ खड़े होते तो इस स्थिति को लेकर इतनी राजनीति नहीं होती। इस दौरान बबीता ने बताया कि जब विनेश को फाइनल से पहले अयोग्य करार दिया गया था, तब उनके पिता महावीर भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा- मैंने अपने पिता को सिर्फ तीन बार रोते देखा है। पहली बार तब जब मेरी और मेरी बहनों की शादी हुई थी। दूसरी बार जब मेरे चाचा का निधन हुआ था और तीसरी बार वह विनेश के ओलंपिक फाइनल से बाहर होने पर रोए थे। बबीता ने कहा- इन बातों को समझने की जरूरत है। मैंने देखा है कि कैसे मेरे पिता ने कभी विनेश को उसके पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। जब मेरे चाचा का निधन हुआ, तो विनेश ने अपने भाई और बहन के साथ कुश्ती छोड़ दी। मेरे पिता उनके घर गए, उनकी मां से बात की और उन्हें खेल में वापस ले आए। यहां तक कि जब वे सुबह 4 बजे प्रशिक्षण मैदान पर नहीं पहुंचते थे तो वह उनके घर जाते और उन्हें ले आते। जब कोई प्रशिक्षण में इतनी मेहनत करता है और उसे कभी धन्यवाद नहीं मिलता है, तो यह किसी भी कोच के लिए भावनात्मक रूप से समझ में आने वाली बात है।

# सम्पादकीय

## शिक्षक के प्रति आभार व सम्मान हो और गुरु के प्रति आस्था व श्रद्धा

किसी भी आदर्श समाज के निर्माण में एक शिक्षक की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतएव एक पूरा दिन इनके नाम तो बनता ही है। यह अवसर अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा भावों के प्राकट्य का है, वहीं यह दिन आदर्श शिक्षकों के मान सम्मान का पावन दिवस भी है। जबकि एक शिक्षक के लिए सोचे तो यह उनके आत्ममूल्यांकन का भी एक सुअवसर है। यह अवसर विभिन्न शिक्षण संस्थानों मे इससे संबंधित आयोजनों का है, वहीं बहुधा सामाजिक संस्थाएं भी इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने का काम करती है। जहां दुनियाभर में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाने का चलन है, वहीं भारत जैसे कई देश है जो इसे अपने अनुसार मनाते आए है।यूनेस्को द्वारा सन् 1994 मे पेरिस के एक कार्यक्रम उपरांत इसे विधिवत तौर पर प्रारंभ किया गया है। विदित हो की यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एक ऐसी इकाई है जो सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षणार्थ कार्य करती है। ऐसे में यह एक प्रमाण है कि किसी भी आदर्श समाज के निर्माण में एक शिक्षक की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतएव एक पूरा दिन इनके नाम तो बनता ही है। यह अवसर अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा भावों के प्राकट्य का है, वहीं यह दिन आदर्श शिक्षकों के मान सम्मान का पावन दिवस भी है। जबकि एक शिक्षक के लिए सोचे तो यह उनके आत्ममूल्यांकन का भी एक सुअवसर है। दरअसल, इन्हीं विषयों को ध्यान में रख कर यूनेस्को ने 1966 में विश्व शिक्षक दिवस मनाने की प्रस्तावना रखी थी। इसमें शिक्षकों के अधिकार एवं जिम्मेदारी संग उनके भर्ती, रोजगार तथा सीखने एवं सिखाने से संबंधित बातों को ध्यान में रखते हुए इसकी सिफारिश की गई थी। किंतु इसे मान्यता मिलने में लगभग 28 साल लग गए। बात भारत के संदर्भों मे करे, तो इसकी शुरुआत 1962 के एक घटना से संबद्ध है। इस वर्ष 19 मई को भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का कार्यकाल प्रारंभ हुआ था। इस अवसर पर उनके जन्म दिवस को मनाने उनके पूर्व छात्रों का एक समूह जुटा था। इसी वार्ता में यह चर्चा निकली की क्यों इनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। ऐसा कहा जाता है कि इसका प्रस्ताव स्वयं सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने दिया था। दरअसल, डॉ.राधाकृष्णन की छवि एक आदर्श शिक्षक एवं दार्शनिक की रही है। उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति के उत्तरदायित्वों के निर्वहन पूर्व इनका एक लंबा शैक्षणिक जीवन रहा है। ये आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे है, वहीं ऑक्सफोर्ड एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके है, जबकि काशी हिंदू विश्वविद्यालय तथा दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति रहे हैं। इसके साथ ही यूनेस्को मे भारत के प्रतिनिधि के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनके इन्हीं सेवाओं के नाते ब्रिटिश हुकूमत के दौरान सर तो स्वतंत्र भारत में इन्हें भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया। वास्तव में ये भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे, जिनका भारतीय धर्म,उपनिषद एवं दर्शनशास्त्र में गहन अध्ययन था। किंतु क्या यह कुछ इतना पर्याप्त है कि इनके नाम पर शिक्षक दिवस मनाया जाए? वहीं क्या अतीत के विश्व गुरु भारत के मूल्यबोध का प्रारंभ ब्रिटिश साम्राज्य के समापनोपरांत माना जाना चाहिए!बात शिक्षक की महत्ता को लेकर करें तो ये निश्चित ही किसी विषय विशेष को समझने के लिए एक प्रभावी माध्यम मात्र है। अगर इसे समझें तो वास्तव मे ये एक मार्गदर्शक पथप्रदर्शक सहायक और निर्देशक के जैसे हैं। किंतु ये विषय विशेष को समझने समझाने एवं बताने तक ही सीमित है। किंतु बात गुरु की करें तो ये कही व्यापक,गूढ़ और प्रभाव उत्पादक शब्द है। भारतीय जीवन दर्शन मे ज्ञानप्रदाताओं के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द गुरु है। गुरु ज्ञान का असीम स्रोत है। ये विद्या विशेष से लेकर व्यवहार शास्त्र से सुपरिचित कराने का एक सशक्त माध्यम है। रोजगार के तौर-तरीकों से लेकर संस्कार के सलीकों से अवगत का द्वार है। ये केवल विद्या अविद्या का भेद नहीं बतलाते हैं अपितु लौकिक जीवन संग पारलौकिक जीवन के कल्याणकर्ता है। ये अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इनकी उपलब्धि केवल विषय विशेष का ज्ञान एवं शिष्य के मन पर प्रभाव तक सीमित नहीं है। वास्तव में गुरु स्वयं मे एक सम्पूर्ण जीवन के रचनाकार है। यह व्यक्ति विशेष को गढ़ते हैं। उसे सज्जन सुशिक्षित सुसभ्य,संसाधनों से परिपूर्ण एवं सम्माननीय बनाते हैं।

# मदिरा से आर्थिक सामाजिक विकास का नया सियासी दांव



प्रशांत किशोर (पीके) द्वारा अपनी बहुप्रतीक्षित राजनीतिक पार्टी 'जन सुराज पार्टी' की स्थापना को सियासी हल्को में कौतुहल और प्रश्नवाचक भाव में देखा जा रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि पीके का यह राजनीतिक पदार्पण कई विरोधाभासों से भरा है। वो बिहार की उस घोर जातिवादी मिट्टी में नई जातीय और सामाजिक गोलबंदी के साथ विकास की फसल लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो जातिवाद में गहरे तक सनी हैपीके ने अपनी नई पार्टी का ऐलान बापू की जयंती 2 अक्टूबर को किया। उन्होंने कहा कि वो सत्ता में आए तो राज्य में आठ साल से जारी शराब बंदी को एक घंटे में खत्म कर देंगे। पीके के मुताबिक शराबबंदी से बिहार को कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टे हर साल 20 हजार करोड़ के राजस्व हानि की चपत जरूर लगी। उन्होंने कहा कि वे शराब से मिलने वाले टैक्स को बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे। पीके ने 'जय जय बिहार' दिया देते हुए बिहार और बिहारियों के सम्मान की रक्षा की भी बात कही।राज्य के किसानों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए पीके ने कहा कि जन सुराज की सोच भूमि सुधार की है, सर्वे की नहीं। किसानों के लिए सुधार की योजनाएं पांच सालों के लिए लागू होंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में 100 में से 60 लोगों के पास जमीन नहीं है। हमें केवल खाने के लिए नहीं, बल्कि कमाने वाली खेती करनी होगी।कभी भाजपा सहित देश की कई प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने सफल चुनावी रणनीतिकार रहे के किसानों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए पीके ने कहा कि जन सुराज की सोच भूमि सुधार की है, सर्वे की नहीं। किसानों के लिए सुधार की योजनाएं पांच सालों के लिए लागू होंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में 100 में से 60 लोगों के पास जमीन नहीं है। हमें केवल खाने के लिए नहीं, बल्कि कमाने वाली खेती करनी होगी। पीके ने पार्टी की आइडियोलॉजी स्पष्ट करते हुए कहा कि जन सुराजियों की विचारधारा मानवता पर आधारित है।हम 'ह्यूमन फर्स्ट' को तवज्जो देते हुए ऐसा बिहार बनाएंगे, जहां पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात से लोग रोजगार मांगने बिहार आएंगे। बिहार में गरीब बच्चों को पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट देना होगा। पीके ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू राज में राज्य में सड़कों, स्कूलों, बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं हुई थी। आज मोदीजी गुजरात में जो फैक्ट्रियां लगा रहे हैं, जहां बिहारी काम करने जाते हैं। पीके ने यह भी कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि जन सुराज पार्टी बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जहां तक प्रशांत किशोर की बात है तो वो बिहार के रोहितास जिले के कोनार गांव में एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे हैं। उनका उपनाम पांडे है, लेकिन संभवतः राजनीतिक कारणों से वो सरनेम नहीं लिखते। इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट होने के बाद पीके ने संयुक्त राष्ट्र संघ में आठ साल तक सेवाएं दीं। उसके बाद भारत लौटकर सहभागिता में 'सिटीजन फॉर अकाउंटेबल गवर्नेंस' (सीएजी) नाम की कंपनी बनाई। कुछ समय बाद ही उन्होंने चुनावी रणनीति बनाने वाली नई कंपनी आई-पैक की स्थापना की और पहली बार गुजरात विधानसभा चुनाव में रणनीतिक सलाह देकर राज्य में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनवाने में योगदान दिया।इसी आधार पर वो 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के चुनावी रणनीतिकार रहे। इस चुनाव में देश में पहली बार भाजपा केन्द्र में अपने दम पर सत्ता में आई। इसके बाद पीके ने कांग्रेस, जद(यू), वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, आप आदि कई पार्टियों के लिए विधानसभा चुनावों में रणनीतिकार की भूमिका निभाई और सम्बन्धित दलों को सत्ता दिलाने में मदद की। अब पीके चुनावी रणनीतिकार से खुद राजनेता बनने की भूमिका में हैं। गोया कोई सिनेमेटोग्राफर फिल्म निर्देशक की भूमिका में आ जाए।नए रोल में पीके कितने सफल होंगे, नहीं होंगे, इस बारे में सिर्फ कयास ही लगाए जा सकते हैं। क्योंकि उन्होंने यह दांव बिहार की उस जमीन पर खेला है, जो राजनीतिक और जातिगत रूप से बेहद सचेत लेकिन विकासीय चेतना की दृष्टि से बहुत पीछे है। पीके राज्य की इस दोमट मिट्टी में मानवीयता, जातीय समरसता, किसान कल्याण और सामाजिक उत्थान के आग्रह के साथ बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना देख रहे हैं। उस बिहार को जो, अभी भी बीमारू राज्य के अभिशाप से उबर नहीं पाया है। जबकि चार दशक पहले इस अभिशप्त श्रेणी में बिहार के साथ शामिल रहे अन्य तीन राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश लगभग सभी क्षेत्रों में बिहार से बहुत आगे निकल गए हैं। इस मायने में बिहार की परंपरागत राजनीति से कुछ हटकर पीके ने रास्ता चुना है। पहला तो है जातीय समरसता का। पीके स्वयं अगड़ी जाति से हैं, जिनकी संख्या बिहार में करीब 15 फीसदी है। लेकिन उन्होने अपनी पार्टी का अध्यक्ष एक दलित और रिटायर्ड आईएफएस अफसर मनोज भारती को बनाया है। मनोज भारती की राजनीतिक पकड़ कितनी है या होगी, यह तो आगे पता चलेगा। उनके अध्यक्ष रहने से बिहार में कई पार्टियों में बंटा दलित और महादलित वोट जनसुराज के खाते में आएगा, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे बिहार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की पीके की सोच कुछ हद तक व्यावहारिक है। राज्य में शराबबंदी को खत्म करना नैतिक रूप से सही न भी हो, लेकिन आर्थिक रूप से एक विकल्प जरूर है, बावजूद इसके कि शराबबंदी के कारण बिहार के कई घरों में सुकून भी आया है। इसका एक कारण तो यह है कि बिहार में शराबबंदी हकीकत में कानून और कागजी स्तर पर ही ज्यादा है। सरकारी शराब बिक्री बंद होने के बाद राज्य में अवैध शराब का धंधा खूब फल फूल रहा है।वर्तमान में सत्ता में भागीदार बीजेपी ही आरोप लगाती रही है कि राज्य में शराब बंदी के चलते अवैध शराब की 25 हजार करोड़ की समांतर अर्थ व्यवस्था पनप गई है। दूसरी तरफ अवैध और जहरीली शराब पीने के कारण हर साल मौते हो रही हैं। राज्य सरकार के आंकड़े हैं कि आठ साल में 266 लोगों ने जहरीली शराब पीकर जानें गंवाई तो अवैध शराब रखने के मामलों में 6 लाख लोगों पर मुकदमे दर्ज हैं और इनमें से भी करीब सवा लाख लोग जेलों में बंद हैं। ऐसे में पीके का यह तर्क किसी हद तक जायज है कि राज्य सरकार शराब बिक्री से हर साल करीब 20 हजार करोड़ की आय प्राप्त कर उसे शिक्षा व विकास के अन्य कामों में खर्च करे। वैसे भी राजस्व आय कैसे बढ़े यह बिहार की बड़ी समस्या है। क्योंकि राज्य अभी भी कृषि प्रधान ही है। इसका अंदाजा इसी बात से लग सकता है कि करीब 12 करोड़ की आबादी वाले बिहार का वार्षिक बजट 2.79 लाख करोड़ रू. का ही है, जबकि 8 करोड़ की जनसंख्या वाले मप्र का वार्षिक बजट 3.65 लाख करोड़ रू. का है। एक और हैरानी की बात यह है कि पीके अपने आदर्शों में उन महात्मा गांधी को अव्वल मानते हैं, जिनके मिशन में नशामुक्ति अहम रही है। दूसरी तरफ वो सामाजिक न्याय के पुरोधा अंबेडकर को भी अपना आदर्श मान रहे हैं। दरअसल हर नई राजनीतिक पार्टी के सामने नैतिक संकट यह है कि वो अपने आदर्श पुरूष कहां से लाए? उदाहरण के लिए 'आप' जिस विचारधारा पर चल रही है, उसमें उसके आदर्श भगतसिंह और अंबेडकर हैं। वहां गांधी का महत्व केवल राजघाट पर फूल चढ़ाने और गांधी प्रतिमा के सामने धरना देने तक ज्यादा है। अब सवाल यह है कि पीके की पार्टी बिहार में क्या कमाल करेगी? क्या वो अगले विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका में आ सकने की स्थिति में है? देश में शायद दो ही ऐसी राजनीतिक पार्टियां तेलुगू देशम पार्टी और आम आदमी पार्टी हैं, जो अपनी स्थापना के एक साल के भीतर चुनाव जीतकर सत्ता पर काबिज हो गईं। बाकी दूसरी पार्टियों को यह लक्ष्य हासिल करने के लिए बरसों संघर्ष करना पड़ा है। पार्टी गठन के पूर्व पीके ने बिहार में साढ़ 3 हजार किमी की पदयात्रा की। माना जा सकता है कि वो बिहार की तासीर समझते हैं। लेकिन राज्य में अगड़े,पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, महादलित आदि जातियों के वोटों के पार्टियों में पहले से जारी बंटवारे और लामबंदी के चक्रव्यूह को पीके कैसे भेद पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। खासकर तब कि बिहार में अगड़ी जातियां राजनीतिक दृष्टि से हाशिए पर जा चुकी हैं और पीके खुद ब्राह्मण हैं। पीके अपने भाषणों में यूं तो सभी पार्टियों के खिलाफ बोलते हैं, लेकिन कई राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि पीके की पार्टी का सॉफ्ट कार्नर भाजपा के प्रति है। कहीं ऐसा तो नहीं कि राज्य जद(यू), लोजपा, हम आदि पार्टियों को कमजोर करने के लिए पीके को उतारा गया है। हालांकि इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है। पीके जहां गांधीवाद और अंबेडकरवाद के समन्वय का नया राजनीतिक कार्ड खेल रहे हैं, वहीं मदिरा के भरोसे राज्य के आर्थिक, सामाजिक विकास का सपना भी पाले हुए हैं। राजनीतिक रूप से यह कितना कामयाब होगा, यह देखने की बात है, खासकर उस बिहार में जहां हर शै जाति से शुरू होकर जाति पर ही खत्म होती है।

# म्यांमार से आतंकियों का मणिपुर में आना कितना खतरनाक

मणिपुर अस्थिर और अशांत है। दो समुदायों के आपसी विवाद से उभरी हिंसा का परिणाम है कि सुरक्षा बल आतंकी घुसपैठ की सूचना दे रहे हैं। हालिया घटनाओं का क्रम भले एक सितंबर से शुरू है। किंतु यह हिंसा चक्र पिछले वर्ष से अनवरत् जारी है मणिपुर इन दिनों फिर एक बार खबरों में है। म्यांमार से तरफ से करीब नौ सौ आतंकियों के प्रवेश की खबरें चर्चा में है जबकि राजधानी इम्फाल में दिन- दहाड़े एक कैबिनेट मंत्री के सहयोगी का अपहरण हो गया है। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव के घर पर गोलीबारी हुई है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री के घर से लेकर मंदिर एवं त्योहार इत्यादि सभी इससे निशाने पर हैं। दरअसल, ये सारा घटनाक्रम दो समुदायों के आपसी विवाद से उभरी हिंसा का परिणाम है। हालिया घटनाओं का क्रम भले एक सितंबर से शुरू है। एक तरह से देखा जाए तो यह हिंसा चक्र पिछले वर्ष से अनवरत् जारी है। इसे लेकर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस केंद्र सरकार पर लगातार आक्रामक है। सवालों और आरोपों की यह झड़ी गृहमंत्री अमित शाह के एक वक्तव्य के बाद से कहीं अधिक बढ़ी है। दरअसल, मोदी सरकार के सौ दिन होने के उपलक्ष्य में गृहमंत्री मीडिया से मुखातिब थे। इस दौरान मणिपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने बातचीत से समाधान की बात की है। वहीं जारी हिंसा को आतंकवाद नहीं अपितु जातीय हिंसा करार दिया है। इसके साथ ही स्थिति के नियंत्रण में होने का दावा करते हुए शांति बहाली के अपने संकल्पनाओं को भी पुनः दुहराया है। भारत म्यांमार सीमा पर तारबंदी का भी ब्यौरा दिया गया है। किंतु कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का अशांत मणिपुर में एक भी दौरा न करना जारी हिंसा और गतिरोध का सबसे बड़ा कारण है। बहरहाल, सियासत से इतर की बात करे तो मणिपुर की हालात वाकई चिंतापूर्ण है। संभवतः इसी की अभिव्यक्ति आरएसएस प्रमुख के वक्तव्य में थी। लोकसभा चुनाव उपरांत संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इसको लेकर एक टिप्पणी की थी, तब उन्होंने कहा था- मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा है। आवश्यकता प्राथमिकताओं के साथ इसके निराकरण की है। दरअसल, पिछले साल मई से जारी हिंसा की आग ने मणिपुर में जान माल का व्यापक नुकसान किया है। बात तत्कालीन घटनाक्रम कि करें तो यह सिलसिला ड्रोन बम हमलों के बाद शुरू हुआ है। एक सितंबर से कुकी आतंकी समूहों ने सुनियोजित धमाकों, हमलों की नई शुरुआत की है। ये हमले राज्य के पर्वतीय जिले से लेकर राजधानी के निकटवर्ती जनपदों तक हुए हैं। वहीं राजधानी इम्फाल भी इसके जद में है। सर्वाधिक दुखद बात ये है कि घातक हमले राजधानी इम्फाल के आसपड़ोस से हो रहे हैं। इस गणेश चतुर्थी को ऐसे ही हमले में मोइरांग अवस्थित एक मंदिर के पुजारी की मौत हो गई थी। वहीं मंदिर भी ध्वस्त हो गया। पुराने घटनाक्रमों को छोड़ भी दें तो भी हालिया घटनाएं बेहद दुखांत हैं। विष्णुपुर से लेकर जिरीबाम तक यह हिंसा जारी है। ये स्थान ऐतिहासिक होने के साथ आधारभूत ढांचा के विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। जिरीबाम




मणिपुर रेल परियोजना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव के साथ ही प्रखर स्वतंत्रता सेनानी रानीमां गाइदिन्ल्यू का जन्म स्थान है। वे इस क्षेत्र के नागा जनजाति से आती थी। ऐसे में यहां हो रहे हिंसा के नाते नागा समुदाय के भी इसमें सहभागी हो जाने की प्रबल आशंका है। विदित् हो कि ये समुदाय अब तक इस हिंसाचक्र से पूर्णतया पृथक रहा है। ऐसे ही विष्णुपुर में हो रहे ड्रोन हमले सेना संग्रहालय के लिए भी एक खतरा है। यहां आजाद हिंद फौज के स्मृतिचिन्ह संग ऐतिहासिक पुरातन विष्णु मंदिर समूहों के भी नष्ट होने की आशंका है। दरअसल, राज्य में जारी हिंसा के बीच कुकी आतंकी संगठन सरेआम सैन्यबलों की वेशभूषा एवं कैस्पिर सैन्य वाहन के साथ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में राजधानी इम्फाल में भी आक्रोश अपने चरम पर है, जिसकी परिणति राज्यपाल के अधिकृत निवास पर हमले के रूप में सामने है। वहीं मैतेई समुदाय के युवा एवं महिलाओं द्वारा हो रहे रोषपूर्ण प्रदर्शन भी कई बार हिंसक झड़पों में बदल जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई बार नागरिक तो कई मौकों पर सुरक्षा बल के जवान घायल हो जा रहे हैं। इस नाते सरकार ने युवाओं से ऐसी रैलियों से दूर रहने को कहा है। बात वर्तमान घटनाक्रम कि करें तो इसे समझने के लिए हिंसा के मूल कारणों को जानना बेहद जरूरी है। मणिपुर में हिंसा का सिलसिला पिछले वर्ष 3 मई को शुरू हुआ था। हिंसक घटनाक्रम के तत्कालीन कारण के तौर पर उच्च न्यायालय द्वारा मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने से संबंधित एक निर्णय को कारण बताया गया। राज्य के तीन में से दो समुदाय नागा एवं कुकी पूर्व से ही अनुसूचित जनजाति आरक्षण के लाभार्थी हैं। यह पूर्वोत्तर की विशेष परिस्थिति एवं मणिपुर के कुछेक पुराने कानूनों के नाते भी अत्यंत आवश्यक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के त्रिपुरा राज्य में भी त्रिपुरी जाति को ऐसे ही विशेष परिस्थितियों का हवाला देते हुए आरक्षित वर्ग में स्थान दिया गया है। जनजातीय दर्जा यहां सरकारी सेवा के साथ ही कर मुक्त होने का भी एक अस्त्र है।वहीं मणिपुर में यह मैतेई समुदाय को सम्पूर्ण राज्य में कही भी बसने का अधिकार प्रदान कर सकता है। वर्तमान के भेदभाव पूर्ण कानून के नाते ये अपने ही गृह प्रदेश में सिवाय इम्फाल घाटी के कही भी संपत्ति का क्रय विक्रय नही कर सकते हैं। जबकि ये आधी आबादी से कही अधिक है वही इस भूमि के सबसे पुराने निवासी भी मैतेई ही है। विदित हो की इम्फाल घाटी कुल क्षेत्रफल का करीब दस प्रतिशत है जिस पर जनसंख्या वृद्धि एवं घनत्व में परिवर्तन का भी अतिशय दबाव है। यहां राजशाही एवं ब्रिटिश शासन के दौरान कुकी जनजाति एक छोटे से समुदाय के तौर पर मणिपुर के पहाड़ों में बसा करती थी। किंतु स्वतंत्रता उपरांत अदूरदर्शिता के नाते गलत तरीकों से नागरिकता लेकर सरकारी सुविधाओं के लाभार्थी कुकी लोगों की कुल वृद्धि दर करीब दो सौ प्रतिशत तक हो गयी है। म्यांमार से आने वाले इस समुदाय के ऊपर मादक पदार्थों के कारोबार से लेकर वन भूमि पर अवैध कब्जे तक के आरोप है। वहीं पूरा राज्य नशा कारोबार की जद में है और इस अवैध व्यापार के संचालन में कुकी समुदाय की भूमिका प्रमुख और प्रभावी है। अतएव मैतेई आरक्षण के मुद्दे पर कुकी समुदाय द्वारा राज्यव्यापी हिंसक प्रदर्शन शुरू हुए। जिसके बाद राज्य सरकार ने न्यायालय के दिशानिर्देशानुसार इस मुद्दे को केंद्र के पास भेज दिया था। दरअसल यह पूरा मसला गंभीरता पूर्वक विचार का भी है। वही मैतेई आरक्षण यहां के किसी दूसरे समुदाय के हितों पर चोट का मसला नहीं है। बल्कि यह विसंगतिपूर्ण कानून की मार झेल रहे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर एक समुदाय विशेष के समुचित विकास का मुद्दा भर है। जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार की जरूरत थी। किंतु यहां समुदाय विशेष के हित ने सामुदायिक विद्वेष दुर्भावना का रूप ले लिया। कुकी समुदाय के बढ़ते अतिशय आबादी नाते भी यहां का वातावरण भय एवं आक्रोश से भरा है। इसी नाते मैतेई समुदाय द्वारा राष्ट्रीय नागरिक जनगणना वर्ष को सन् 1951 से ही करने की बात की जाती रही है। दरअसल यहां की जनसंख्या स्वरूप पूर्णतया बदल चुका है। यह भी विवादों का एक बड़ा कारण है। इसके अलावा सुसंस्कृत वैष्णव मैतेई हिंदूओं के आसपास कुकी इसाई चर्च द्वारा जारी आक्रामक गतिविधि एवं धर्मांतरण संबंधित उपक्रम भी इसका एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। ऐसे में इस हिंसा चक्र के प्रारंभ होने की पूरी संभावना थी। किंतु मणिपुर सरकार इसे रोक पाने में पूर्णतया असफल सिद्ध हुई है।

कुकी बनाम मैतेई का यह विवाद इतना बढ़ा की सत्तर हजार से कही अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। लोकसभा चुनावों की घोषणाओं के बाद से हिंसा महज छिटपुट वारदातों तक सीमित थी। किंतु राहुल गांधी के जुलाई दौरे के बाद से ये पुनः सुलगने लगा है।दरअसल, इस यात्रा के दौरान उन्होंने केवल एक पक्ष विशेष कुकी समुदाय के साथ संवाद किया। वहीं स्वभाव के अनुरूप उनके द्वारा बोली गई गैरजिम्मेंदारी पूर्ण बातों ने भी समुदायों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने का काम किया है, जिसका असर आने वाले उत्तर पूर्व के कई राज्यों में देखने को मिलेगा।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking




**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

**Ms. Riya Arora (Counsellor)**

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# हमारी संस्कृति संरक्षण में रामलीला मंचन का महत्वपूर्ण योगदानः गोपाल कृष्ण अग्रवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** श्री रामलखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा रविवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में आयोजित चौथे दिन की रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और पूर्वी दिल्ली के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सर्वप्रथम रामलीला कराने वाले आयोजकों को बधाई दी, और कहा कि रामलीला के आयोजन समिति काफी मेहनत के बाद रामलीला मंचन करती है यह भी एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति संरक्षण रामलीला मंचन में महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि राम के जीवन की कथा रामलीला में देखने को मिलती है इससे बच्चों को भी संस्कार प्राप्त होते हैं कि राम के जीवन में किस प्रकार की कठिनाइयां आई और उन्होंने कठिनाइयों की परवाह ने करते हुए सही रास्ता चुना, रामलीला में जीवन का चरित्र देखने को मिलता है, साथ ही उन्होंने कहा किहमारे शास्त्रों को जीवित रखने में रामलीला जैसे मंचों का अहम योगदान रहता है। ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति और युवाओं को अच्छी सीख प्राप्त करने का बेहतर मौका मंच के माध्यम से प्राप्त होता है।इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनिल चौधरी ने कहा कि हमें एक ऐसी सीख रामलीला के माध्यम से मिलती है ,कि प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए, सच्चाई के रास्ते पर ही जीत मिलती है, रामलीला मंच भी हमें यही संदेश देता है।इस अवसर पर रविंद्र प्रसाद गुप्ता सी एल ए नोएडा प्राधिकरण, राम बदन सिंह डीसीपी नोएडा मौजूद रहे, उन्होंने भी रामलीला आयोजकों और लीला का मंचन कराने वाले और कलाकारों को बधाई दी।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, प्रवक्ता पवन शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, श्रीधर गोयनका मौजूद रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं रामलीला देखने आए लोगों का भी आभार प्रकट किया।चौथे दिन की रामलीला में लीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करते हुए सभी देश देशांतर के राजा महाराजा के धनुष तोड़ने का प्रयास करने की लीला का मंचन किया ,परंतु धनुष नहीं टूटा, अंत में प्रभु राम गुरु वशिष्ट के साथ आज्ञा प्राप्त करके धनुष को तोड़ते हैं, और सीता का स्वयंवर होता है। इसके पश्चात परशुराम जी का आगमन लक्ष्मण जी के साथ उनकी नोक झोक होने की लीला का मंचन विस्तार पूर्वक सुनाया गया, जिसे लीला मंचन देखने आए लोगों ने सराहा। इस अवसर पर आयोजक समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , वाइस चेयरमैन पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंघल, पंडित कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल,सीए मनोज अग्रवाल,अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, प्रदीप गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, सी ए राजीव जैन, राहुल गुप्ता , तेजेंद्र मलिक, सौरभ अग्रवाल, रोहिणी नगर, डॉक्टर मनोज अग्रवाल का रामलीला में विशेष सहयोग चल रहा है ।इस अवसर पर डॉक्टर एसपी जैन, नरेश कुछल, सुनील गुप्ता, सुशील सिंघल, महेश गुप्ता इंदिरापुरम, राकेश सिंगला, जगनेश भारद्वाज , योगेंद्र शर्मा वीरेंद्र गर्ग, महेश चंद्र अग्रवाल, वीके राणा, मूलचंद गुप्ता, सौरभ गोविल, कुलदीप कटियार, राजीव कपूर, सुमित शर्मा, संजीव अग्रवाल, शंकर मोदी ,सुनील जैन , वीके गुप्ता , राकेश गुप्ता , गौरव मित्तल, सौरव मित्तल , असीम जगिया, सत्येंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# सपाइयों ने मासिक बैठक कर बनाई रणनीति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**समाजवादी पार्टी घोरावल विधानसभा की मासिक बैठक संपन्न ।सोमवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा घोरावल अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने बताया कि



घोरावल विधानसभा की मासिक बैठक शाहगंज में की गई जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल यादव ने किया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव उपस्थित थे । बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहार यादव एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा हर वर्ग को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है । इसलिए समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अपील है कि आप लोग गांव-गांव जाकर हर वर्ग की समस्याओं को सुनने का काम करें और उनका निदान करने का काम करें । राम निहोर यादव एवं रमेश चंद दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में यदि कोई सबसे अधिक परेशान है तो वह किसान है जो हमेशा छला जा रहा है । इस भाजपा सरकार को किसी से कोई लेना देना नहीं है जबकि देश का प्रथम अन्नदाता किसान ही होता है । किसान के ही मेहनत से आज देश की जनता अपना जीकोउपार्जन कर रही है । भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए मुसीबत की सरकार बनी हुई है ।

# विहिप, दुर्गावाहिनी एवं मातृशक्ति द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर दुर्गावाहिनी,मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्वलित कर दुर्गाष्टमी कार्यक्रम का शुभारंभ किया , जिसमे विशिष्ट अतिथि डॉ पल्लवी शर्मा डायरेक्टर कैलाश अस्पताल, एवं कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ रश्मि गुप्ता (एम. डी ) फेलिक्स अस्पताल, सम्मलीत हुई । प्रान्त छात्रा संपर्क प्रमुख दुर्गा वाहिनी मेरठ प्रांत श्रीमती रुचि लांबा द्वारा दुर्गावाहिनी बहनो को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ भारत में अवैध धर्मांतरण लव जिहाद की बढ़ती घटना हिंदू समाज के लिए चिंता का विषय है। हिंदू समाज में जन -जागरण, हिंदू बहनों मे आत्म सम्मान, आत्मरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर अध्यक्ष छाया सिंह एवं उपाध्यक्ष अनुराधा सक्सेना , अल्पना तोमर्, मंत्री दिनेश महावर सह मंत्री राजीव , प्रचार प्रमुख राहुल , द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नोएडा महानगर व खण्ड समिति की दुर्गावाहिनी की बहने उपस्थित रही।



# बॉलीवुड/टेली मसाला





## सा रे गा मा पा' के मंच पर गाया तृप्ति ने गीत, आवाज से सभी को दिया चौंका, बचपन का सपना हुआ पूरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर चर्चा में बने हुए गायन प्रतिभा से चौंका दिया। अभिनेत्री की मौजूदगी ने शो को और भी खास बना दिया। अभिनेत्री ने शो के दौरान सभी प्रतिभागियों से मुलाकात की और अपनी खुशी



हैं। हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में दोनों सितारे सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' के लेटेस्ट एपिसोड में पहुंचे। इस एपिसोड के दौरान तृप्ति डिमरी ने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का गाना 'तुम जो मिले हो' गाकर दर्शकों को अपनी आवाज से प्रभावित कर दिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के नए नवरात्रि स्पेशल एपिसोड में, राजकुमार और तृप्ति शिल्पा शेट्टी के साथ नजर आए। तृप्ति जैसे ही शो के मंच पर पहुंची, उन्होंने अपनी खुशी को जाहिर करते हुए कहा, 'सा रे गा मा पा' के मंच पर आना मेरा बचपन का सपना था।' इस दौरान राजकुमार राव ने तृप्ति के संगीत प्रेम और प्रतिभा को उजागर करते हुए उनका उत्साह और बढ़ा दिया। खुलासे के तुरंत बाद तृप्ति ने माइक अपने हाथों में लिया और 'तुम जो मिले हो' गाकर सेट पर मौजूद सभी लोगों को अपनी जाहिर की।'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की बात करें तो यह फिल्म 1990 के दशक में सेट है। जब कैसेट धीरे-धीरे खत्म होने लगे और सीडी भारतीय बाजार में प्रवेश कर गई। फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के किरदार ने अपनी सुहागरात की सीडी बनाई और वह चोरी हो जाती है। सामने आए ट्रेलर के अनुसार फिल्म कहानी सीडी की खोज के इर्द-गिर्द घूमती है।वहीं, इस शो के इस सीजन में संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर शामिल हैं, जो प्रतिभाशाली संगीतकार-गीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा और प्रशंसित गायक-गीतकार गुरु रंधावा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस शो की मेजबानी विपुल रॉय और सलमान अली कर रहे हैं। 'सा रे गा मा पा' शनिवार और रविवार को जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## फलक नाज ने निर्माता शादमान खान पर लगाए गंभीर आरोप, बकाया पैसे न देने को लेकर की बहिष्कार की अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टीवी की जानी-पहचानी अभिनेत्री फलक नाज ने कास्टिंग निर्देशक और निर्माता वेब शो के लिए निर्माता की तरफ से उनका बकाया अभी भी बाकी है। उन्होंने कहा कि शादमान खान अनैतिक व्यवसाय कर रहे हैं और वो गारंटी भी पूरी नहीं हो सकी है। अब वो इसे लेकर चुप्पी साधे बैठे हैं, तो मेरे पास इसे लेकर बोलने के अलावा कोई चारा नहीं





शादमान खान पर बकाया पैसा न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए उनका बहिष्कार करने की अपील की है। फलक नाज टीवी की एक जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह 'बिग बॉस ओटीटी 2' में भी नजर आई थी, जहां उन्हें उनके विचार खुलकर रखते हुए देखा गया था। वह निजी जीवन में भी अपने विचारों को खुलकर प्रदर्शित करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने हाल ही में कास्टिंग डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शादमान खान पर काम के पैसे न देने का आरोप लगाया है। अभिनेत्री ने कहा कि निर्माता के तरफ से उनका बकाया नहीं चुकाया गया है। फलक ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर इसे लेकर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने इस पोस्ट के माध्यम से बताया कि गिल्टी ऑर नॉट गिल्टी नामक उन्होंने इंडस्ट्री से ऐसे कास्टिंग डायरेक्टर्स का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। अभिनेत्री ने लिखा, शादमान खान के अनैतिक व्यवसायिक व्यवहारों पर जागरूकता के संबंध में। मैं प्रोजेक्ट 'गिल्टी ऑर नॉट गिल्टी' के बारे में शादमान खान और उनकी कास्टिंग एजेंसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लिख रही हूं। पिछले चार सालों से कास्टिंग में काम करने और शानदार जीवनशैली जीने के बावजूद, उन्होंने कलाकारों को उनका बकाया भुगतान नहीं किया है।ठउन्होंने आगे लिखा, मैं 'गिल्टी ऑर नॉट गिल्टी' वेब सीरीज को लेकर अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। अपनी लगन और मेहनत के बावजूद मुझे अबतक मेरा बकाया पैसा नहीं मिला है। शादमान ने कई बार लगातार पैसे दे देना का वादा किया। हाल में ही उन्होंने गारंटी दी थी कि वो पूरा पैसा देंगे, लेकिन बच गया है। अभिनेत्री ने शादमान को 'गिल्टी ऑर नॉट गिल्टी' में अनैतिक व्यवसाय करने के लिए उन्हें फर्जी भी बताया। फलक ने कहा, ठजवाबदेही की यह कमी किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। मैं अपने मनोरंजन जगत के सभी लोगों से आग्रह करती हूं कि जब तक शादमान अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर लेते, तब तक उनका बहिष्कार करें।ठ अभिनेत्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि शादमान ने उन्हें ब्लॉक कर दिया है, इसलिए उन्होंने लोगों से शादमान को टैग करने का आग्रह भी किया। बताते चलें कि फलक बिग बॉस ओटीटी 2 के अलावा ससुराल सिमर का, राधाकृष्ण, राम सिया के लव कुश, जुबली टॉकीज और कई अन्य जैसे कई अन्य धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं।

## सुजॉय घोष ने 'जाने जान' में करीना की कास्टिंग को लेकर किया खुलासा, जानें निर्माता ने क्या कहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री करीना कपूर खान ने सुजॉय घोष की मिस्ट्री थ्रिलर 'जाने जान' के साथ ओटीटी से बात करते हुए सुजॉय घोष ने 'जाने जान' के लिए करीना कपूर खान की कास्टिंग को लेकर चल रहे संशय और गलतफहमियों के एक मां की भूमिका लिख रहा था जो अपने बच्चे की मदद करने के लिए चौबीसों घंटे काम करती है, खुद को प्राथमिकता देने के लिए उसके पास



पर डेब्यू किया था। उनकी भूमिका को काफी सराहा गया और उन्होंने सिद्ध कर दिया कि उन्हें भारतीय फिल्म उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली सितारों में क्यों गिना जाता है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ माया डिसूजा के रूप में अपनी भूमिका को बखूबी निभाया। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान सुजॉय घोष ने फिल्म को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माण से पहले कुछ लोगों ने उनसे कहा था कि 'बेबो' इस फिल्म के लिए दार्जिलिंग नहीं जाएंगी। हाल ही में मैशेबल इंडिया बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जब लोग किसी को सार्वजनिक रूप से देखते हैं, तो उनके बारे में आसानी से राय बना लेते हैं। फिल्म निर्माता ने कहा, 'कई लोगों ने मुझसे कहा था कि करीना कभी दार्जिलिंग में शूटिंग नहीं करेंगी, लेकिन ऐसा नहीं था। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्धता दिखाई।' उन्होंने कहा कि बेबो का अपने काम के प्रति समर्पण सराहनीय है। बातचीत के दौरान सुजॉय घोष ने कहा कि एक किरदार लिखते समय, वह हमेशा अपने दिमाग में एक चेहरा बनाते हैं। निर्देशक ने खुलासा करते हुए कहा, 'जब मैं कोई समय नहीं है, लेकिन फिर भी वह सुंदर दिखती है, तो मुझे करीना दिखाई देती हैं।' निर्माता ने आगे कहा कि उनके वह भाग्यशाली थे कि करीना कपूर खान ने उस भूमिका को निभाने के लिए सहमत हो गईं और उनके 'हां' के साथ उनका आधा काम पूरा हो गया। सुजॉय ने कहा, 'उस बिंदु से, फिल्म को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उन पर थी।' हाल ही में करीना कपूर खान हंसल मेहता की क्राइम-मिस्ट्री 'द बकिंघम मर्डर्स' में नजर आईं। उन्होंने इस फिल्म में शानदार भूमिका निभाई। इस फिल्म में करीना कपूर ने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है।

## दर्शकों को कब जानने को मिलेगा श्रद्धा के किरदार का नाम स्त्री 2 के निर्देशक ने कर दिया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर अब भी कमाल दिखा रही है। 53वें दिन इस फिल्म ने एक करोड़



25 लाख रुपये का कलेक्शन कर 600 करोड़ क्लब की ओर अपना एक और कदम बढ़ा दिया है। हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली यह फिल्म अब भी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। फिल्म की कहानी के साथ दर्शकों को स्त्री 2 के गहरे रहस्य भी काफी ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इन्हीं में से एक रहस्य फिल्म में श्रद्धा कपूर के किरदार का नाम भी है। दरअसल, फिल्म के एक सीन में श्रद्धा ने अपने किरदार का नाम राजकुमार राव के कान में बताया था। तभी से सोशल मीडिया पर श्रद्धा के किरदार को लेकर तरह तरह की थ्योरी बताई जाने लगीं। हाल ही में एक बातचीत में जब फिल्म के निर्देशक अमर कौशिक से भी यह सवाल किया गया तो उन्होंने इस पर मजेदार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि फिल्म में नाम बताए जाने के बाद से विक्की की प्रतिक्रिया से ऐसा लग रहा है कि उन्हें नाम ठीक नहीं लगा। उन्होंने कहा, ठउसका नाम एक बहुत बड़ा रहस्य है। मुझे लगता है कि तुम लोगों को काफी समय रुकना पड़ेगा उसके लिए।ठ अमर कौशिक ने यह भी बताया कि श्रद्धा का नाम सुनते ही राजकुमार राव जो प्रतिक्रिया दी थी वह एकदम वास्तविक थी।

## शनाया कपूर के बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार खत्म, विक्रांत मैसी के साथ इस फिल्म से मचाएंगी धमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संजय कपूर की 24 वर्षीय बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर वह फिल्म 'आंखों



की गुस्ताखियां' में विक्रांत मैसी के साथ अभिनय करेंगी। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में शनाया कपूर एक थिएटर आर्टिस्ट की भूमिका निभाएंगी जबकि विक्रांत मैसी (37) एक दृष्टिहीन संगीतकार के किरदार में होंगे। कहानी उनके प्रेम और आत्म-खोज की परिवर्तनकारी यात्रा के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसे 2025 के मध्य में रिलीज करने का लक्ष्य है। आंखों की गुस्ताखियां' कथित तौर पर प्रसिद्ध भारतीय लेखक रस्किन बॉन्ड की लोकप्रिय लघु कहानी 'द आइज हैव इट' पर आधारित है। फिल्म करुणा, इच्छाशक्ति, स्वतंत्रता, इच्छा, धारणा, स्मृति और आत्मविश्वास के विषयों का पता लगाएगी। यह संगीतमय पृष्ठभूमि पर आधारित शानदार उतार-चढ़ाव से भरी एक आकर्षक कहानी होने का वादा करती है।ब्रोकन बट ब्यूटीफुल', 'अपहरण और रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' जैसे वेब शो के निर्देशन के लिए जाने जाने वाले संतोष सिंह कथित तौर पर 'आंखों की गुस्ताखियां' का निर्देशन करेंगे। पटकथा को निरंजन अयंगर और मानसी बागला ने रूपांतरित किया है।शुरुआत में अयंगर को फिल्म का निर्देशन करना था, लेकिन ऐसी फिल्मों को संभालने में व्यापक अनुभव के कारण कथित तौर पर सिंह द्वारा उनकी जगह ले ली गई। रिपोर्ट तो यह भी है कि फिल्म में शनाया कपूर को फाइनल करने से पहले निर्माता कथित तौर पर तारा सुतारिया, अलाया एफ और प्रतिभा रांटा के साथ चर्चा कर रहे थे।यह अपडेट शनाया कपूर के बॉलीवुड लॉन्च के लंबे इंतजार के बाद आया है।

## हाई बॉक्स एप घोटाला मामले में रिया चक्रवर्ती को समन जारी, दिल्ली पुलिस करेगी पूछताछ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड



स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट द्वारा कथित हाई बॉक्स एप घोटाला मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को बुधवार (9 अक्तूबर) को जांच में पूछताछ के लिए तलब किया गया है। अभिनेत्री को गुरुवार (3 अक्तूबर) को समन जारी किया गया था। यह घोटाला हाई बॉक्स एप मोबाइल एप्लिकेशन के संबंध में है, जिसने इसमें निवेश करने वाले लोगों को अत्यधिक दैनिक रिटर्न का वादा किया था। हालांकि, एप के जरिए देशभर के 30 हजार से अधिक लोगों से 500 करोड़ रुपये की ठगी की जानकारी ने हर किसी को हैरान कर दिया है। मामले में 500 से अधिक शिकायतें मिली हैं और कई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और यूट्यूबर्स कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पर एप को बढ़ावा देने के लिए शक के दायरे में आ गए हैं। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ स्पेशल सेल) हेमंत तिवारी ने कहा, 'हाई बॉक्स एप एक सावधानीपूर्वक नियोजित घोटाले के केंद्र में था।' पुलिस उपायुक्त के अनुसार, रिया चक्रवर्ती अगर जांच में शामिल नहीं हुईं तो उन्हें दोबारा समन भेजा जाएगा। मामले में पुलिस ने घोटाले के कथित मास्टरमाइंड शिवराम को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने उससे जुड़े चार अलग-अलग बैंक खातों से 18 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। रिया को यह समन यूट्यूबर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह को दिल्ली पुलिस द्वारा तलब किए जाने के एक दिन बाद जारी हुआ है। धोखाधड़ी घोटाले में आवेदन के संबंध में 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी शामिल थी। फरवरी 2024 में लॉन्च किए गए हाई बॉक्स एप ने फरवरी से जून तक इसमें निवेश करने वाले लोगों के लिए 1 से 5 प्रतिशत के उच्च रिटर्न की बात कही। कथित तौर पर, हाई बॉक्स एप में 30 हजार लोगों ने निवेश किया। हालांकि, जुलाई के बाद से कोई भुगतान नहीं किया गया है और इसका कारण तकनीकी मुद्दे, कानूनी समस्याएं और जीएसटी चिंताएं हैं। 16 अगस्त को 29 पीड़ितों से आवेदन के संबंध में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। 20 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। साइबर पूर्वोत्तर जिले, बाहरी जिलों, शाहदरा और एनसीआरपी पोर्टल से कई शिकायतें दर्ज की गईं।

## बिग बॉस 18' में धमाल मचाने आ रहे शोएब इब्राहिम, शो के अन्य प्रतिभागियों के छुड़ाएंगे छक्के

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शोएब इब्राहिम एक प्रतिभाशाली भारतीय अभिनेता हैं, जो अपने करियर में कई सफल धारावाहिकों में काम कर चुके हैं। अब वे बिग बॉस 18 में अपने सफर को आगे बढ़ा रहे हैं। सलमान खाने के शो में अभिनेता के शामिल होने पर प्रशंसक भी काफी खुश हैं। अब वे बिग बॉस 18 में अपनी होशियारी और चतुरता के साथ खेल खेलेंगे। अब देखना ये होगा कि वे इस शो में अपने सफर को कितना आगे लेकर जाते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं शोएब से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों के बारे में, साथ ही यह भी जानेंगे कि उनका टीवी सीरियल से बिग बॉस 18 तक पहुंचने का अब तक का सफर कैसा रहा।शोएब इब्राहिम का जन्म 20 जून 1987 में भोपाल में हुआ था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद शोएब अभिनय की ओर आकर्षित हुए और इसमें अपना करियर बनाने के बारे



में सोचा। इब्राहिम ने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत 2009 में इमेजिन टीवी के 'रहना है तेरी पलकों की छांव में' में करण प्रतापसिंह के रूप में की थी, लेकिन उन्हें खास पहचान 'ससुराल सिमर का' टीवी शो से मिली थी। 2011 में शोएब इब्राहिम को कलर्स टीवी पर ससुराल सिमर का में प्रेम भारद्वाज के रूप में मुख्य भूमिका में देखा गया था। इस शो की वजह से उन्हें इंडस्ट्री में खूब पहचान मिली। 2013 में, उन्होंने शो छोड़ दिया और फिर उनकी जगह धीरज धूपर ने ले ली।अभिनय से तीन साल के लंबे ब्रेक के बाद 2017 में शोएब इब्राहिम ने अपनी टीवी यात्रा फिर से शुरू की और स्टार प्लस के माध्यम से स्फीयर ओरिजिन्स के प्रोडक्शन 'कोई लौट के आया है' में सुरभि ज्योति के साथ अभिमन्यु और आदित्य सिंह राठौर की दोहरी भूमिकाएं निभाईं। 'ससुराल सिमर का' ने शोएब को सिर्फ इंडस्ट्री में पहचान ही नहीं दिलाई, बल्कि उन्हें इस शो के जरिए जिंदगी की जीवन साथी यानी दीपिका कक्कड़ का साथ भी मिला। 2017 में उन्होंने अपनी पत्नी दीपिका कक्कड़ के साथ स्टार प्लस पर डांस रियलिटी शो नच बलिए 8 में भाग लिया।मार्च 2018 में उन्होंने बॉक्स क्रिकेट लीग 3 में भाग लिया। उन्हें फिर टीवी शो 'जीत गई तो पिया मोरे' में देखा गया, जहां उन्होंने यशा रूघानी के साथ वरुण बब्बर की भूमिका निभाई। 2018 से 2019 तक शोएब ने कलर्स टीवी पर 'इश्क में मरजावां' में अभिमन्यु के रूप में अभिनय किया। जनवरी 2019 में उन्होंने फिल्म 'बटालियन 609' में कामराज मिश्रा के रूप में बॉलीवुड उद्योग में अपनी शुरुआत की। तीन साल के अंतराल के बाद उन्होंने जुलाई 2022 में स्टार भारत के शो 'अजूनी' में राजवीर सिंह बग्गा के रूप में वापसी की। शोएब इब्राहिम की निजी जिंदगी भी काफी दिलचस्प है। उन्होंने 2018 में लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ से शादी की। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा है और उनका प्यार सोशल मीडिया पर भी देखने को मिलता है। शोएब अपने परिवार को बहुत महत्व देते हैं और अक्सर उनके साथ अपनी तस्वीरें साझा करते हैं।बिग बॉस 18 में शोएब की एंट्री ने दर्शकों के बीच काफी हलचल मचा दी है। उनकी चतुराई, रणनीति और अन्य प्रतिभागियों के साथ उनके इंटरैक्शन को देखने के लिए दर्शक उत्सुक हैं। शोएब ने अपनी जिंदादिली और सकारात्मकता से शो में एक नया रंग भर दिया है। बिग बॉस 18 में उनका सफर दर्शकों के लिए एक प्रेरणा बन सकता है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।